


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



एक्शन हीरोइन परिणीति चोपड़ा ने साझा ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 10 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 290 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## जयशंकर ने किया वेलिंगटन में नये भारतीय उच्चायोग चांसरी का उद्घाटन

वेलिंगटन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को वेलिंगटन में नये भारतीय उच्चायोग चांसरी का उद्घाटन किया और कहा कि एक–दूसरे की क्षमताओं का समन्वय करना भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम संबंधों को और प्रगाढ़ करने का अधिक विवेकपूर्ण तरीका है। विदेश मंत्री के तौर पर न्यूजीलैंड की पहली यात्रा पर आए जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों को नये सिरे से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। जयशंकर ने रविवार को ट्वीट किया, ''वेलिंगटन में आज नये भारतीय उच्चायोग चांसरी का उद्घाटन किया।

बेहद कम समय में मंत्री–स्तरीय तीन यात्राएं भारत–न्यूजीलैंड संबंधों को प्रगाढ़ करने की हमारी साझा इच्छा दर्शाती है।'' उन्होंने कहा, ''भारत और न्यूजीलैंड के बीच संबंध हमारे प्रधानमंत्रियों नरेंद्र मोदी और जेसिंडा अर्डर्न की दूरदर्शिता तथा प्रतिबद्धता से मजबूत होते हैं।'' भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कारोबार, डिजिटल और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा, ''हमारे संबंधों को प्रगाढ़ करने का अधिक विवेकपूर्ण तरीका वास्तव में एक–दूसरे की क्षमताओं का समन्वय है। हमें अधिक कारोबार करने के रास्ते तलाशने चाहिए, क्योंकि आखिरकार कारोबार किसी भी रिश्ते के लिए अच्छा है। एक बार यदि किसी कारोबारी संबंध के लिए मजबूत नींव पड़ जाती है तो वह रिश्ता वाकई मजबूत और स्थिर रहता है।''



उन्होंने ट्वीट किया, ''कारोबार, डिजिटल, कृषि, शिक्षा, कौशल, पारंपरिक औषधि तथा समुद्री सुरक्षा क्षेत्रों में कारोबार की असीम संभावनाएं हैं। मजबूत सहयोग से हमारे साझा क्षेत्र में शांति, समृद्धि और प्रगति सुनिश्चित होगी।'' विदेश मंत्री ने नए चांसरी के उद्घाटन के दौरान वहां एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''हाल के वर्षों में हमारे प्रधानमंत्रियों नरेंद्र मोदी और जेसिंडा अर्डर्न ने कार्यक्रमों के इतर समय–समय पर मुलाकात करते हुए एक रिश्ता बनाया है.. .जब उच्च स्तर पर नेताओं की मुलाकात होती है तो उससे काफी फर्क पड़ता है।'' उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध को नए सिरे से मजबूत करने की आवश्यकता है। कई चुनौतियों, कई संभावनाएं हैं जो भारत और न्यूजीलैंड जैसे देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं।'' जयशंकर ने कहा, ''मुझे यह संदेश देकर काफी खुशी हुई कि भारत कारोबार के लिए तैयार है और ऐसे कई क्षेत्र हैं जिसमें आपको अनुभव, क्षमताएं और आपके पास उत्कृष्ट प्रणालियां हैं, जिससे बड़ा फर्क पड़ता है।'' उन्होंने कहा कि डिजिटल संपर्क एक अन्य क्षेत्र है जिसमें वृहद सहयोग की संभावनाएं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच कृषि–कारोबार के क्षेत्र में साझेदारी की भी असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीधे हवाई संपर्क पर भी बात की। विदेश मंत्री ने कहा कि यहां भारतीय छात्रों को कोविड–19 के दौरान मुश्किल वक्त का सामना करना पड़ा। हिंद–प्रशांत मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड संसाधन संपन्न इस क्षेत्र के दो विपरीत छोर पर खड़े हैं। उन्होंने कहा, ''जब हम भारत और न्यूजीलैंड के बारे में सोचते हैं तो हमारे मन में हिंद–प्रशांत क्षेत्र आता है क्योंकि अगर आप वृहद हिंद–प्रशांत क्षेत्र की ओर देखें तो हम दो विपरीत छोर पर खड़े हैं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन सच्चाई यह है कि हमारे में से प्रत्येक देश के पास इस साझा क्षेत्र में योगदान करने के लिए कुछ न कुछ है और हम निजी रूप से भी इसमें योगदान दे सकते हैं, लेकिन कूटनीति का एक आधार दूसरे लोगों के साथ आपका काम है।'' जयशंकर ने यह भी कहा, ''हमारे पास क्रिकेट में भी सहयोग का एक अच्छा उदाहरण है।'' उन्होंने कहा, ''भारत में कोई भी जॉन राइट को कभी नहीं भूलेगा और आईपीएल देखने वाला कोई भी व्यक्ति स्टीफन फ्लेमिंग को कभी नजरअंदाज नहीं करेगा। क्रिकेट में हम हर किसी को शुभकामनाएं देते हैं, बेशक हम अपनी टीम की जीत क्यों न चाहें।'' जयशंकर न्यूजीलैंड के बाद कैनबरा और सिडनी जाएंगे, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया की उनकी दूसरी यात्रा होगी।

## 2024 तक बीजेपी अध्यक्ष बने रह सकते हैं जेपी नड्डा, बढ़ाया जा सकता है कार्यकाल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 2024 लोकसभा चुनाव तक इस पद पर बने रह सकते हैं। जेपी नड्डा का अगल साल जनवरी में तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। ऐसे में पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा तेज हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पार्टी के शीर्ष नेताओं का मानना है कि संगठनात्मक निरंतरता की भावना से उन्हें राज्य के प्रमुख विधानसभा चुनावों में मदद मिलेगी। सूत्रों ने कहा है कि नड्डा के तीन साल के कार्यकाल को खत्म होने से पहले बीजेपी संसदीय बोर्ड उनके विस्तार पर समर्थन कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि बीजेपी की राज्य इकाइयों में संगठनात्म चुनाव अभी शुरू नहीं हुए हैं। इसलिए यह साफ संकेत है कि वह इस पद पर बने रहेंगे। पार्टी का नियम कहता है कि उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले कम से कम आधी राज्य इकाइयों में संगठनात्म चुनाव हो जाने चाहिए। अमित शाह को भी मिला था विस्तारः जेपी नड्डा से पहले बीजेपी अध्यक्ष रहे मंत्री अमित शाह को भी विस्तार मिला था। पार्टी चाहती थी कि वो 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इस पद पर बने रहें। संसदीय चुनाव खत्म होने के बाद ही पार्टी के संगठनात्मक चुनाव शुरू हुए थे और नरेंद्र मोदी के दोबारा प्रधानमंत्री बनने और शाह के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद नड्डा को निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुना गया था।



नड्डा के अध्यक्ष रहते मिली कई चुनावी सफलताएं

नड्डा को इसलिए भी विस्तार मिल सकता है क्योंकि उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष रहते हुए कई राज्यों में पार्टी के नेताओं और समन्वय और रणनीतियों को लागू करने का श्रेय दिया जाता रहा है। बीजेपी ने नड्डा के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण चुनावी सफलताएं हासिल की हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों में सत्ता को बनाए रखना और बिहार में प्रभावशाली प्रदर्शन करना शामिल है।

## निर्वाचन आयोग के फैसले से कमजोर या हतोत्साहित नहीं है ठाकरे गुटः राकांपा

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने रविवार को कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग का आदेश हैरत में डालने वाला है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उद्धव ठाकरे नीत गुट कमजोर या हतोत्साहित है। भारत निर्वाचन आयोग ने अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे नीत दोनों गुटों द्वारा पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न का उपयोग किए जाने पर शनिवार को पाबंदी लगा दी थी। पार्टी के दोनों गुटों द्वारा नाम और चुनाव चिह्न पर दावा किए जाने की पृष्ठभूमि में एक अंतरिम आदेश जारी कर निर्वाचन आयोग ने दोनों से कहा है कि वे सोमवार तक अपनी–अपनी पार्टी के लिए तीन–तीन नए नाम और चुनाव चिह्न सुझाएं। उपनगर मुंबई की अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर उपचुनाव तीन नवंबर को होना है। इस सीट पर शिवसेना के मौजूदा विधायक रमेश लटके के निधन के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया था। कांग्रेस और राकांपा ने रमेश लटके की पत्नी रुजुता लटके का समर्थन करने का फैसला किया है जो शिवसेना के ठाकरे गुट की उम्मीदवार हैं। शिंदे गुट की सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका के पार्षद मुरजी पटेल को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। राकांपा के प्रमुख प्रवक्ता महेश तापसे ने यहां पत्रकारों से कहा कि शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर पाबंदी लगाने का निर्वाचन आयोग का फैसला आश्चर्यजनक और दुखद है लेकिन यह आयोग का निर्णय अंतिम नहीं है। उन्होंने कहा, ''एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाला गुट उपचुनाव नहीं लड़ रहा है, फिर भी पार्टी के नाम और चिह्न के इस्तेमाल पर रोक लगायी गयी। चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने का मतलब यह नहीं है कि शिवसेना कार्यकर्ता (ठाकरे की अगुवाई वाले) कमजोर या हतोत्साहित हो गए हैं। शिवसेना (ठाकरे गुट) के साथ राकांपा और कांग्रेस, भाजपा को कड़ी टक्कर देंगे।'' तापसे ने कहा, ''यह चुनाव आमने–सामने का मुकाबला होगा क्योंकि भाजपा ने उद्धव ठाकरे गुट के प्रत्याशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार खड़ा किया है।




## मेदांता अस्पताल ने जारी किया हेल्थ अपडेट, अब ऐसी है मुलायम सिंह यादव की तबियत

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की हालत अभी भी गंभीर है और उन्हें जिंदा बचाने वाली दवाएं दी जा रही हैं। नेता वर्तमान में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। मुलायम सिंह यादव की तबियत के बारे में रविवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल को सूचित किया। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल द्वारा रविवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, मुलायम सिंह यादव की हालत बेहद चिंताजनक है और उन्हें जीवन रक्षक औषधियां दी जा रही हैं। बुलेटिन के अनुसार, यादव का आईसीयू (सघन चिकित्सा इकाई) में इलाज किया जा रहा है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम उनकी हालत पर लगातार नजर रख रही है। गौरतलब है कि 82 वर्षीय मुलायम सिंह यादव को दो अक्टूबर को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें निम्न रक्तचाप और ऑक्सीजन की कमी समेत कई गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं।




## मिशन 2024: भाजपा ने 144 चिह्नित लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री मोदी की विशाल रैली की योजना बनाई

नयी दिल्ली। वर्ष 2024 के आम चुनाव में अपने सांसदों की संख्या बढ़ाने में जुटी भाजपा की योजना चिह्नित किये गये 144 लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दर्जनों विशाल रैलियां आयोजित कराने की है। इन 144 लोकसभा सीट में से अधिकांश पर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। सूत्रों ने शनिवार को कहा कि पार्टी ने इन सीट पर अपनी संभावना बढ़ाने के लिए 'क्लस्टर योजना' तैयार की है। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रियों को इन सीट पर दौरा करके भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक करने के लिए कहा गया है। पिछले महीने, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'क्लस्टर योजना' की प्रगति के आकलन के लिए विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। एक सूत्र ने कहा कि अब योजना के दूसरे चरण के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इन 144 लोकसभा क्षेत्रों में दर्जनों रैलियां कराने की योजना है, ताकि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की संभावना को उज्ज्वल बनाया जा सके। इन 144 सीट में वे सीट भी हैं, जिनका प्रतिनिधित्व विपक्षी दलों के पास है। इनमें उत्तर प्रदेश की राय बरेली (सोनिया गांधी, कांग्रेस) और मैनपुरी (मुलायम सिंह यादव, सपा) सीट शामिल है। इसके अलावा महाराष्ट्र की बारामती (सुप्रिया सुले, राकांपा), पश्चिम बंगाल की यादवपुर (मिमी चक्रवर्ती, तृणमूल), तेलंगाना की महबूबनगर (श्रीनिवास रेड्डी, टीआरएस) और मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा (नकुल नाथ, कांग्रेस) सीट शामिल है। भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 303 सीट पर जीत हासिल की थी।



## भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी नए अवतार में नजर आएंगे, बोले दिग्विजय सिंह

तुरुवेकेरे (कर्नाटक)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को कहा कि राहुल गांधी श्भारत जोड़ो यात्राश का प्रतीक बन गए हैं और यात्रा के बाद वह नए अवतार में नजर आएंगे। सिंह कन्याकुमारी से शुरू हुई श्भारत जोड़ो यात्राश में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने श्पीटीआई–भाषाश को दिए गए साक्षात्कार में कहा कि यात्रा ने निश्चित तौर पर कांग्रेस को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, क्योंकि कई वर्षों के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि दूर–दराज के इलाकों और गांवों में इस सबसे पुरानी पार्टी के बारे में चर्चा की जा रही है। लोग इस बात से बहुत प्रभावित हैं कि राहुल गांधी पूरी पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा पार्टी को मजबूत बनाने में मदद करेगी। सिंह ने कहा कि फिलहाल कांग्रेस में विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता और नेतृत्व का अभाव है। कन्याकुमारी से शुरू हुई और जम्मू–कश्मीर में खत्म होने वाली यात्रा की अगुवाई राहुल गांधी कर रहे हैं। कांग्रेस के कई नेता यात्रा के दौरान 3,500 किलोमीटर पैदल चलेंगे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा, "इस देश में अगर कोई श्त्यागश (बलिदान) करता है, तो उसे हमेशा आशीर्वाद मिलता है। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद का श्त्यागश किया। और यहां राहुल गांधी यात्रा में चल रहे हैं, गर्मी में पसीना बहा रहे हैं, बारिश में खड़े हैं, हर तरह की फर्जी खबर और मानहानि के खिलाफ लड़ रहे हैं। वह भारत जोड़ो के प्रतीक बन गए हैं। यह पूछे जाने पर कि यात्रा ने किस तरह से राहुल की मदद की है, इसपर सिंह ने कहा, "अब आप उन्हें नए अवतार में देखेंगे।" उन्होंने कहा कि वह राहुल को लंबे समय से जानते हैं और एक बार जब वह कुछ करने का फैसला कर लेते हैं तो उसे हासिल करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता। राहुल के आगे के राजनीतिक सफर पर उन्होंने कहा, श्शजिस दिन वह फैसला कर लेंगे, उन्हें कोई नहीं रोक पाएगा।श्श सिंह ने कहा, श्शसच कहूं तो, मैंने उन्हें हमेशा एक अत्यधिक जिज्ञासु व्यक्ति और बहुत ही प्रतिबद्ध व वैचारिक रूप से कटिबद्ध व्यक्ति के रूप में देखा है।








## राहुल गांधी के ईर्द–गिर्द सकारात्मक ऊर्जा एकत्र हो रहीः योगेंद्र यादव

नयी दिल्ली/मांड्या। कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' पिछले एक महीने से चल रही है और यह इन दिनों कर्नाटक में है। यात्रा को लेकर अलग–अलग निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। इस यात्रा में शामिल 'स्वराज इंडिया' के नेता योगेंद्र यादव से पांच सवाल और उनके जवाबरू सवालरू कुछ साल पहले तक आप कांग्रेस की आलोचना करते थे और अचानक से क्या हृदय परिवर्तन हुआ कि आप इस यात्रा में शामिल हो गए? जवाबरू इस वक्त देश के सामने अभूतपूर्व संकट है। आज देश उस मोड़ पर है जहां हम नहीं कह सकते कि तीन साल बाद संविधान बचेगा या नहीं? ऐसे बड़े संकट के समय छोटा–बड़ा गुणा–भाग नहीं करना है। मैंने 2019 के लोकसभा चुनाव का परिणाम आने से पहले कहा था कि कांग्रेस को बंद कर देना चाहिए। मैंने राहुल गांधी के बारे में उस समय कहा था और आज उसे दोहरा रहा हूं कि राहुल गांधी जितना ईमानदार नेता इस देश में मैंने नहीं देखा और उनमें जितनी समझदारी है, वह लोगों को नहीं पता है। मेरे सिद्धांत और नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उस वक्त कांग्रेस की आलोचना इसलिए की थी कि इतने निर्णायक चुनाव में आप भाजपा का मुकाबला सड़क पर खड़े होकर नहीं कर पाए...आज भी इस बात पर कायम हूं कि कांग्रेस की सबसे पहले यह जिम्मेदारी है कि वह भाजपा का मुकाबला करे। आज फर्क यह है कि कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी को लेकर कुछ कर रही है। सवालरू क्या इस यात्रा से राहुल गांधी की छवि बदलेगी? जवाबरू नेता वही होता है जो अपने ईर्द–गिर्द ऊर्जा एकत्र कर सकता है। पिछले 30 दिनों में राहुल गांधी के ईर्द–गिर्द सार्थक और सकारात्मक ऊर्जा एकत्र हो रही है। वो तस्वीर (बारिश में भीगते हुए भाषण देने की) क्यों वायरल हो गई क्योंकि उसमें ऊर्जा थी...व्यक्ति के रूप में राहुल गांधी अच्छे हैं, यह हर कोई जानता हैं। अगर वह अपने साथ ऊर्जा लेकर चलते हैं तो यह उनके लिए, कांग्रेस और देश के लिए अच्छा है।



सवालः क्या इस यात्रा के बाद राहुल गांधी और कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं?

जवाबः2024 में विपक्ष का चेहरा कौन होगा, इस सवाल में मेरी दिलचस्पी नहीं है...2024 में यह तय है कि भाजपा की राह उतनी आसान नहीं है, जितना प्रचार वो कर रही है। भाजपा की हालत बहुत खराब है। अगर विपक्ष खड़े होकर लड़ा तो भाजपा के लिए बहुत मुश्किल है। सत्तारूढ़ पार्टी के साथ सीधे मुकाबले वाली करीब 200 लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने ताकत दिखाई तो भाजपा केंद्र की सत्ता से बाहर हो सकती है।

# ब्लाक परसपुर के सचिवों ने किया भारी वित्तीय अनियमितता

## बोली बीडीओ निजी खाते में भुगतान है वित्तीय अनियमितता

गोण्डा। नियम, कानून, कायदे को दरकिनार कर विकासखण्ड परसपुर के पंचायत सचिवों द्वारा अपने–अपने ग्राम पंचायतों में टेण्डर व निविदा के नाम वित्तीय वर्ष 2021–22 में चुनिंदे लोगों के व्यक्तिगत नाम व बैंक खाते पर लाखों रुपए की धनराशि भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी कार्य आपूर्ति एवं प्रचार प्रसार हेतु निविदाध्टेंडर सिर्फ रजिस्टर्ड फर्म से प्रकाशन कराकर उसी के ही बैंक खाते में ही भुगतान किया जा सकता है। जबकि ग्राम पंचायत सुभागपुर के सचिव द्वारा वाउचर न0 4ज्ैथ्ब्ब 2021–22ध्ब्ब्4 दिनाँक को 15ध् 07ध्2021 को कमल किशोर सिंह के नाम 8401 रुपये भुगतान किया गया व ग्राम पंचायत सुभागपुर द्वारा ही दिनाँक 15ध् 07ध्21 को वाउचर नंबर ग्टथ्ब्ब 2021–22ध्ब्ब्3 पर कमल किशोर सिंह के नाम 8401 रुपये का भुगतान किया गया। ग्राम पंचायत सरैया चौबे में दिनाँक 14ध्10ध्2021 को वाउचर नंबर 5ज्ैथ्ब्ब2021–22ध्ब्ब्6 पर 8401 रुपए का भुगतान सचिव के द्वारा व्यक्तिगत खाते पर किया गया व ग्राम पंचायत सालपुर पाठक विकासखंड परसपुर दिनाँक 26ध्09ध्21 को वाउचर नंबर 5ज्ैथ्ब्ब2021–22ध्ब्ब्3 पर 8401 रुपए का भुगतान व्यक्तिगत खाते पर किया गया। ग्राम पंचायत सालपुर धौताल में दिनाँक 27ध्08ध्2021 को वाउचर नंबर ग्टैथ्ब्ब2021–22ध् ब्ब्1 पर 8401 रुपये का भुगतान सचिव के द्वारा व्यक्तिगत खाते पर करने के बाद पुनः ग्राम पंचायत सालपुर धौताल में दिनाँक 24ध्09ध्21 के वाउचर नंबर 4ज्ैथ्ब्ब2021–22ध्ब्ब्4 पर 8401 रुपये का भुगतान कमल किशोर सिंह के व्यक्तिगत खाते पर सचिव द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत सकरौर में दिनाँक 11ध्09ध्2021 को वाउचर नंबर 4ज्ैथ्ब्ब2021–22ध्ब्ब्10 पर 8401 रुपये का भुगतान कमल किशोर सिंह के व्यक्तिगत खाते पर सचिव के द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत राजापुर में दिनाँक 29ध्09ध्21 को वाउचर नंबर ग्टथ्ब्ब2021–22ध्ब्ब्1 पर 8401 रुपये का भुगतान व्यक्तिगत खाते पर सचिव के द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत प्योली के दिनाँक 29ध्08ध्21 के वाउचर नंबर ग्टथ्ब्ब2021–22ध्ब्ब्5 पर कमल किशोर सिंह के नाम 8401 रुपए भुगतान किया गया।ग्राम पंचायत सकरौर में दिनाँक 11ध्09ध्2021 के वाउचर नंबर 4ज्ैथ्ब्ब 2021–22ध्ब्ब्11 पर 3000ध्तीन हजार रुपये जितेंद्र कुमार शुक्ला के व्यक्तिगत खाते पर भुगतान किया गया व ग्राम पंचायत पूरे लली में दिनाँक 11.12.2021 को बाउचर नम्बर 4जीबि 2021–22ध्चध्24 पर जितेंद्र कुमार शुक्ला के नाम 3000 रुपए भुगतान किया गया जो ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड है। चर्चा है कि यदि समस्त ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2022–23 में सचिवों द्वारा किए गए निविदाध्टेण्डर की भुगतानों की जांच निष्पक्ष रूप से कराई जाय तो भारी अनियमितता सामने आ सकती है।इस संबन्ध में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने निष्पक्षता पूर्वक कहा कि निविदाध्टेण्डर आदि का भुगतान सिर्फ रजि. फर्मों पर ही किया जा सकता है यदि किसी व्यक्ति विशेष के खाते पर किया गया है तो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# उदास चेहरे पर मुस्कान लाना जीवन की सार्थकताः पायल दुबे

उन्नाव। आपके जीवन की सार्थकता तब ही सही साबित होती है जब आप किसी जरूरतमंद के मुस्कुराने की वजह बनते है। यह बात डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर की प्रधानाचार्या पायल दुबे ने अभ्युदय सेवा संस्थान के मार्गदर्शन में सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के पतारी ग्राम के मजरे में स्थित प्राथमिक व जूनियर विद्यालय राजाराम खेड़ा में अपने विद्यालय के बच्चों के माध्यम से शिक्षण सामग्री, वस्त्र, राशन आदि वितरित करवाने के पूर्व कही। अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर द्वारा किये जा रहे पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को अतिरिक्त वस्तुओं को जरूरतमंद व वंचितों को भेंट करने की शिक्षा देकर पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए अच्छी पहल है। प्रधान प्रतिनिधि रमेश यादव ने राजाराम खेड़ा विद्यालय में अभिभावकों को खो चुके बच्चों को घर–घर जाकर आंटा, तेल, चावल आदि खाद्य पदार्थ के साथ वस्त्र , शिक्षण सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण करने के लिए वीरेंद्र स्वरूप विद्यालय व अभ्युदय सेवा संस्थान को संयुक्त रूप से धन्यवाद दिया। सहायक शिक्षक आनंद ने बताया कि एक दर्जन परिवार के साथ ही लगभग एक सैकड़ा से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए। किताबें, कॉपी, वस्त्र, आंटा, चावल, तेल पाकर बहुतों के उदास चेहरे पर मुस्कान आई। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर का प्रतिनिधि ात्व शिक्षिका श्वेता गोस्वामी व अभ्युदय सेवा संस्थान का प्रतिनिधित्व ऋषभ श्रीवास्तव ने किया। सहयोगी के रूप में किरण शुक्ल, संतोष बाथम वहीं संयोजक इंचार्ज शिक्षक रामवीर व सहायक कंचन वर्मा सहित छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएमओ आफिस में जारी भ्रष्टाचार को बार–बार किया जा रहा नजरंदाज

## आखिर क्यों एएसडीएम की जांच रिपोर्ट पर डीएम नहीं कर रहे कार्यवाही

गोण्डा । सीएमओ कार्यालय के कर्मियों पर बार–बार र्भ्ष्टाचार व मनमानी का आरोप लगने के साथ अखबारों में खबर छापने एवं सोशल मीडिया में खबर एवं वीडियो वायरल होने के बावजूद भी भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों को प्रत्येक बार बचाया जाता है। यहां तक कि कार्यालय लिपिक शशीकांत द्वारा स्टाफ नर्सों से ज्वाइनिंग हेतु बीस से पचास हजार रुपए मांगने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और अनेकों समाचारपत्रों ने खबर भी प्रकाशित किया परन्तु पुनः स्टाफ नर्सों का बयान बदलवा कर मामले को रफा दफा करके लिपिक शशीकांत को निर्दोष मान लिया गया। इसी प्रकरण की जांच जब एएसडीएम कुलदीप सिंह को दी गई तो दौरान जांच कुलदीप सिंह ने लिपिक शशीकांत को दोषी पाया। एएसडीएम कुलदीप ने अपनी जांच रिपोर्ट भी 23 सितंबर को जिलाधिकारी को सौंप दिया, परन्तु आज तक लिपिक शशीकांत पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई। ये प्रश्न अनुत्तरित रह गया। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में और भी कई अनियमितताएं हुई जिसकी भी खबर अनेकों समाचारपत्रों ने प्रकाशित किया परन्तु भ्रष्टाचारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। विदित हो कि बीते सत्र में हुए पल्स पोलियो अभियान के दौरान पुराना पम्पलेट व विशेष संचारी रोग अभियान के कार्यक्रम व प्रचार प्रसार के दौरान बीते वर्ष का पोस्टर सभी सीएचसी पर भेजा गया। बीते स्वास्थ्य मेले के कार्यक्रम हेतु बगैर जेम पोर्टल से टेण्डर कराए ही चहेते फर्म को करीब 29 लाख रुपए का कार्य दे दिया गया। सगुन किट सप्लाई के दौरान भी भारी खेल का प्रयास जारी होने की खबर समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर कुछ सुधार जरूर आया परन्तु कार्यवाही नही हुई।इसके बावजूद भी आरोपित किये गये लिपिक शशिकान्त सिंह अपने कार्यालय के कम्प्यूटर पर बेखौफ होकर निजी एजेंट रखकर डाटा फीडिंग का कार्य करा रहे हैं। स्टेट बजट का लिखा पढ़ी व लेखा जोखा का कार्य चपरासी हरीराम द्वारा सीएमओ के जानकारी में किया जा रहा है। बताया तो यहां तक जाता है कि चपरासी हरीराम द्वारा फर्मों से सेटिंग गेटिंग कर कार्य दिया जाता है उसके बाद कमीशन वसूली कर संबंधि ात तक पहुंचाया जाता है। प्रकरण पर एएसडीएम कुलदीप सिंह का कहना है कि जांच में सीएमओ कार्यालय के लिपिक दोषी पाए गए हैं जिसकी आख्या रिपोर्ट 24ध् 25 सितम्बर को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर हमने अपना काम कर दिया है। कार्यवाही करने का काम जिलाधिकारी का है।

# राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मेलन 23 को

गोण्डा। राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 23 अक्टूबर को अयोध्या में आयोजित होगा। यह जानकारी पार्टी के गोंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश मिश्र ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। ऐसे में, यह सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों के चयन हेतु आहूत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्र ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी एवं महंगाई के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा भी इस सम्मेलन में तैयार की जायेगी।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नगर प्रांगण में की पीस कमेटी की बैठक

गोंडा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना कोतवाली नगर प्रांगण में जनपद के संभ्रान्त व्यक्तियों व थाने के अधिकारीध कर्मचारीगणों के साथ पीस कमेटी बैठक की गयी। अपर पुलिस अधीक्षक ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन व त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों से अवगत कराया गया तथा आगामी त्योहारों बारावफात, दिवाली को सकुशल संपन्न कराने व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आम जनमानस से अपील की गयी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व अन्य अधिकारीध कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बलरामपुर में दानवीरो ने परेशान का दिल खोल कर मदद कर रहें है

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर में जहाँ करोना के समय में





दानवीर धीरू सिंह (बलरामपुर के कर्ण) धीरेन्द्र प्रताप सिंह दिल खोलकर लोगों की मदद की थी वहीं आये भयंकर बाढ़ (जल प्रलय )में भी धीरूसिंह (कर्ण )ने एक बार फिर सावित कर दिया है कि अगर आदमी दिल से चाहे तो सबकुछ सम्भव है इसी क्रम में श्री सिंह ने देविपाटन के महंथ मिथलेश नाथ योगी के संरक्षण में ललिया थाना छेत्र ग्राम लौकहवा. खैरपुरवा में आये भीषण बाढ में राहत सामग्री (पानी बोतल. बिस्किट. आदि जन्मेजय सिंह द्वारा वितरित कराया गया।देवीपाटन पीठधीश्वर ने लोगों से मार्मिक अपील किया कि वे पानी बढ़ने का इंतजार ना करें सुरछित स्थान या बाढ़ राहत शिविर में शरण लें

# दवाओं से ठीक कर रहे ब्लड कैंसर:मेडिकल कॉलेज में जुटे देश के जाने–माने डॉक्टर

## गोल्डन जुबली समारोह का आयोजन,फैमिली डॉक्टर रखने पर दिया जोर

कानपुर। पहली बार जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के केपीएस पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन डिपार्टमेंट के 50 वर्ष पूरे होने पर गोल्डन जुबली समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मेडिसिन विभाग से पासआउट डॉक्टर्स पहुंचे हैं। मौजूदा समय में कई डॉक्टर देश के जाने–माने डॉक्टर बन चुके हैं। इसमें राष्ट्रपति के डॉक्टर रह चुके डा. मोहसिन रजा भी शामिल हैं।

मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर रह चुके डा. एसएन अग्रवाल ने कार्यक्रम का इनॉग्रेशन किया। इस मौके पर मेडिसिन डिपार्टमेंट की एचओडी डा.ऋचा गिरी, डा. संतोष कुमार,डा.आरती लाल चंदानी, डा.राकेश चंद्रा समेत अन्य डॉक्टर्स मौजूद रहे।

एनुअल मीट में मेडिसिन डिपार्टमेंट से पासआउट करीब 300 डॉक्टर्स पहुंचे हैं। इस मौके पर डा.एसएन अग्रवाल ने कहा कि ये देखकर बेहद अच्छा लगा कि गुरुओं को आने वाली पीढ़ी याद कर रही है, ये बेहद अच्छी बात है।

कार्यक्रम में प्रमुख तौर पर केजीएमयू के क्लीनिकल हीमेटोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट के हेड डा. एके त्रिपाठी ने बताया कि फर्स्ट स्टेज में अब ब्लड कैंसर को दवाओं से ही ठीक किया जा रहा है। पेशेंट अगर समय से इलाज शुरू कर दे तो ये दवाओं से ही ठीक कर दिया जाता है। पहले ब्लड कैंसर के केस में कीमोथेरेपी की जाती थी, जो पेनफुल होने के साथ ही खर्चीली भी होती थी। अब हर महीने 900 रुपए खर्च कर इसका इलाज किया जा रहा है। डा. एके त्रिपाठी ने पहले सत्र में आगे बताया कि मरीजों को जल्द ठीक होना है तो अवेयर होना भी बेहद जरूरी है। देश में अब सिस्टम मेडिसिन की ओर बढ़ना होगा। अमेरिका और फिनलैंड जैसे देश सिस्टम मेडिसिन के तहत की कार्य कर रहे हैं। मेडिसिन डिपार्टमेंट से एमडी कर पासआउट हुए दिल्ली के बड़े हॉस्पिटल लेडी हार्डिंग के डायरेक्टर डा. मधुर यादव ने बताया कि कोई भी बीमारी होने पर सबसे पहले फिजिशियन के पास जाना चाहिए। वो बीमारी डायग्नोज करने में सबसे ज्यादा मददगार साबित होगा। उसकी सलाह पर ही संबंधित बीमारी के डॉक्टर के पास जाना चाहिए। हर किसी को फैमिली डॉक्टर जरूर रखना चाहिए।

# जनपद के समस्त थानों पर किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन

गोंडा । समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश–निर्देश दिए गए। समस्त क्षेत्राधि ाकारी व प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। जनपद के समस्त थानों से कुल– 203 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 34 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष राजस्व संबंधित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया स इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# करंट लगने से 12वर्षीये बच्चे की मौत



दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। बजार निवासी सुरेंद्र कुमार 12वर्ष पुत्र विनोद कुमार अपने घर के पास खेलने निकला था करीब 9.00 बजे सुबह नजदीक गंधैली पुलिहा के निकट शिव मंदिर के बगल से गुजर रहा था कि अचानक पानी में करंट की चपेट में आजाने से घटना स्थल पर मौत हो गई जब पड़ोसियों की नजर पड़ी तो लाश देखकर शोर मचाया आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लें जाया गया जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर क्षेत्र की जायजा लिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। जिले में पिछले दिनों से बारिश होने से नदियों की जलस्तर बढ़ गया है। वहीं नेपाल देश से पानी लगातार आ रहा है जिस कारण बाढ़ से बढनी ब्लाक के दर्जनों गांव पानी से घिर चुका हैं और आवागमन बाधित हो गया है। अब लोग नाव की सहायता से अपना कार्य करते हैं। बूढ़ी राप्ती नदी दूसरे दिन भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और बढ़त पर है, जबकि राप्ती नदी लाल निशान के करीब पहुंच चुकी है। दूसरे नदियों का भी जल स्तर



बढ़ चुका है। इससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लोगों पर खतरा मंडराने लगा है।शोहरतगढ़ क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती, बानगंगा, घोरही नदी व सोतवा नाले का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़नी के खैरी शीतल प्रसाद गांव सहित नकोलडीह जाने वाले मार्ग,पन्नापुर मार्ग व तमकुहवा के मार्ग,बालानगर,तौलिहवा के मार्ग पर पानी बह रहा है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन मार्गों पर नाव की सहायता से आवागमन हो रहा है।इस क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी व सोतवा नाले का पानी भी भुतहवा, मटियार, गड़रखा, झुंगहवा आदि गांवों के खेतों में पानी भर चुका है। जिलअधिकारी संजीव रंजन ने दौरा किया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष यह इलाका बाढ़ की कहर की सामना करता है। फसल बर्बाद होने के साथ घर बह और टूट जाता है। लोगों के मदद के लिए हर संभव प्रयास प्रशासन कर रहा है। क्षेत्र में कोई समस्या होती है तो संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित करें ताकि उस समस्या का फौरन समाधान हो सके। संबंधित अधिकारियों को सूचना दे दिया हूँ क्षेत्र में अपना नजर बनाएं रखे। तहसील प्रशासन द्वारा दो और नाव की व्यवस्था कर दिया गया है। कथित तौर पर कहा जाता है कि लोगों द्वारा केवल बाढ़ के समय में लाई, सब्जी, बिस्किट ,दवा देकर चले जाते हैं। फसल मुवाजा तो केवल कागजो में सिमट कर रह जाती है। आम जनता तक नहीं पहुँचता है। हमारा क्षेत्र, गरीबों की बस्ती हैं यहाँ पर न शुद्ध चिकित्सा मिलती है और न ही रोजागर जिससे हमारा जीवन चल सके। लेखपाल भी केवल कोरम पूरा करके चले जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा टिकर और भूतहवा के बीच बांध बनने के कारण हम लोगों के गांव में पानी भर जाता है और फसल बर्बाद हो जाता है। हमारे क्षेत्र में धान,गेंहू और सब्जी की खेती सबसे ज्यादा होती है। वही हम लोगों का आजीविका है जो बाढ़ हर साल अपने चपेट में ले लेती हैं। इस दौरान उपजिलाधि ाकारी शोहरतगढ़, लेखपाल, पत्रकार रवि शुक्ला, रामकुमार, रामसिंह, श्यामसुन्दर, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने जलभराव से प्रभावित ग्राम गौनरिया, भोलाजोत, गोपालबाग का किया निरीक्षण

गोंडा । जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने तहसील सदर गोंडा के अंतर्गत विगत दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जलभराव से प्रभावित ग्राम कुरासी, गौनरिया, भोलाजोत, गोपालबाग आदि का निरीक्षण कर ग्रामीणों से मुलाकात की। वहीं ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी ली, तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों के सख्त निर्देश दिये हैं कि जलभराव से परेशान ग्रामीणों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, उप जिलाधिकारी सदर विनोद कुमार सिंह, जिला अदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम, एसओ खरगूपुर मय टीम, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए कांशीराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। बढनी के तुलसियापुर चौराहा पर आजाद समाज



पार्टी द्वारा कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर पुष्प अर्पित कर विचार रखा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारती ने की। मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ पूर्व विध ाायक अमर सिंह चौधरी ने कहा कि कांशीराम के अधूरे मिशन को हम लोगों को पूरा करना होगा।कांशीराम चाहते थे कि भारत पुनः सम्राट अशोक का भारत बने। संपूर्ण भारत में शांति, प्रेम, करुणा का माहौल हो। हम सभी लोगों को उनके मिशन को पूरा करना है। आज का समाज उनके विचारधारा से भटक गया है। जिसे जागरूक करना होगा और संगठित होना पड़ेगा। राजेंद्र भारती ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर लाल जी चौधरी, शिवचंदर भारती,राजकुमार, गिरजा प्रसाद चौधरी, केशव यादव, विजय सिंह चौधरी, संतोष चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत विकासखण्डों में शिक्षकों व ग्रामीणों ने ली शपथ

उन्नाव। शिक्षक प्रदीप वर्मा के द्वारा शुरू की गई नशामुक्ति की मुहिम ने जनपद उन्नाव में जिलाधिकारी की स्वीकृति एवं सदस्य विधानपरिषद राज बहादुर चंदेल के समर्थन के बाद व्यापक रूप ले लिया है। इस मुहिम में स्ंजीव संखवार जनता को जागरूक करते हुए अपना पूरा साथ दे रहे हैं। नशामुक्त समाज एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। असोहा के प्रावि दऊँ में सहायक शिक्षिका मोहिनी पटेल ने बच्चों व अभिभावकों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए, ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया। पडरी कला पीएस द्वतीय में प्रधान शिक्षिका रुचि पटेल ने गांव स्तर पर नशा मुक्ति अभियान की रैली निकालने व जनता को जागरूक करने का कार्य किया, शपथ ग्रहण के कार्यक्रम में शिक्षामित्र सारिका, अमित व रसोइया सविता कांति के साथ बच्चे उपस्थित रहे। मिर्जापुर सुभारी में प्रधान शिक्षक धीरज के विद्यालय में शिक्षामित्र अक्षय व अलका ने बच्चों व अभिभावकों को शपथ दिलाई। रायपुर मुड़हा प्राथमिक विद्यालय संजीव संखवार ने इस मुहिम को अपने सकारात्मक परिणामों तक ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयासों के लिए वचन लिया है।

# देश की मुख्य धारा में बाल्मीकि समाज : सांसद पाल

## कार्यक्रम को मुख्य अतिथि धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि |समेत विधायक वर्मा ने किया संबोधित





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर शोहरतगढ़ नगर पंचायत सभागार में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। भगवान बाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में आये मुख्य एवं विशिष्ठ अतिथियों को अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने माल्यार्पण कर उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया |मुख्य अतिथि धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि, सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति (उ०प्र०) एवं सदस्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सलाहकार समिति, (उ०प्र०) ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बाल्मीकि समाज को सम्मानित करने का कार्य कर रही है। स्वच्छता अभियान को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी प्रयागराज में सफाई कर्मियों के पैर पखारकर उन्हें सम्मानित करते हुए उन्हें सफाई सैनिक की संज्ञा दी, ताकि समाज को बेहतर संदेश दिया जा सके |कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि बाल्मीकि समाज आज देश की मुख्य धारा में है, आपको ऐसा नही लगता है कि किसी भी सफाई कर्मी को हेय दृष्टि से देखा जा रहा है। आज सांसद विधायक सफाई कर्मियों को सम्मानित कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका विकास सबका विश्वास और सबका साथ का ही नारा नही दिया, बल्कि उसे वास्तविकता के धरातल पर उबारने का कार्य किया है। यही कारण है कि पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। इसके साथ ही उन्होंने महर्षि वाल्मीकि रामायण पर विस्तार से अपनी बात कही |कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि कोविड काल मे सफाई व्यवस्था में सफाई कर्मियों समेत डॉक्टरों ने जो योगदान दिया उसके भुलाया नही जा सकता, जब लोग एक दूसरे को छूना पसंद नही करते थे, तब यही सफाई नायक सफाई व्यवस्था के मुख्य अंग थे, इनकी जितनी भी सराहना की जाय कम है। इसके साथ ही कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता व संजय गौतम ने संबोधित करते हुए सभी सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत के कमलेश गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसी कड़ी में नगर पंचायत कर्मी ज्ञानमती, माला देवी, रीना देवी, गणेश बाल्मीकि, राममिलन बाल्मीकि आदि को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। बताते चले कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमे सभी स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें कोविड टिके की लगाए गए। इस दौरान राधे बाबा, मनीष पाठक, शिवकरन चौधरी, राजेश गुप्ता, रवि अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, संजू पाण्डेय, विजय कुमार गुप्ता, विष्णु सिंह, गोलू पासवान, बीडी कसौधन, कमलेश गुप्ता, राजेश तिवारी, सूरज निगम, अक्षय कसौधन, अंकित गुप्ता, दुर्गेश अग्रहरि, जयप्रकाश उमर, परमानंद मिश्रा, लालाजी गौड़ समेत सफाई कर्मी ज्ञानमती, माला देवीरीना देवी, गणेश बाल्मीकि, राममिलन बाल्मीकि, पंचम बाल्मीकि, संतोष, सानू, आशीष, राजराम, विनोद, विश्वनाथ आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकला जुलूस ए मोहम्मदी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। इस्लाम धर्म के आखिरी नबी



मोहम्मद साहब का जन्म दिवस बारहवफात नगर में पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर और आसपास के गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस की शक्ल में मुख्यालय पर एकत्रित हुए और वहां से जुलूस का लंबा काफिला नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए अपने अपने ठिकानों पर लौट गया । जुलूस के इस लंबे काफिले में बच्चे बड़े महिलाएं बुजुर्ग सभी शामिल रहे। इस अवसर पर गाड़ियों पर बैठे लोग नात भी पढ़ते रहे और बीच–बीच में मोहम्मद साहब की याद में जिंदाबाद के नारे भी लगाते रहे। बताते चलें ईद और बकराईद के बाद बारह वफात का त्यौहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस्लामी तारीख के अनुसार इसी दिन इस्लाम धर्म के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और उन्हीं की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। जुलूस में जगह–जगह पर शरबतों और खीर खिलाने के लिए स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को दिया जा रहा था। जुलूस में मुख्यालय के वार्ड शास्त्री नगर, गोबराहा बाजार, अनूप नगर ,सरोजनी नगर, आर्य नगर और बुद्ध नगर के साथ साथ आसपास के गांव महरिया, रोवापार, बभनी, दुमदूमवा, चौरासी बिनायका आदि गांव के सैकड़ों छोटे–बड़े लोग जुलूस में शामिल रहे। जुलूस में पुलिस भी चाक–चौबंद रही वहीं जुलूस में शामिल लोग सद्भावना के रूप में जुलूस में शामिल लोगों को फल पानी आदि बांटते हुए देखे गए। नगर मूल्य मुख्यालय की जामा मस्जिद के इमाम की अगुवाई में अन्य मस्जिदों और गांव की मस्जिदों के लोग एक साथ जुलूस में शामिल रहे। शांति पूर्वक इस जुलूस में नार ए तकबीर और मोहम्मद साहब की याद में नात पढ़ते हुए लोग लगभग 1.00 बजे अपने अपने ठिकानों पर लौट गए |इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, जुलूस– ए–मोहम्मदी में शामिल हुए हजारों लोग




दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर |शोहरतगढ़ कस्बे में मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर ईद ए मिलादुन्नबी त्योहार इस्लाम के अनुयायियों ने परंपरागत तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी निकाली। नबी की याद में कसीदे पढ़ने के बाद मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। मस्जिदों और घरों को बिजली के रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया। जगह जगह गेट बनाकर इस्लाम का प्रतीक चिह्न लगाया गया। घरों में इस्लाम का झंडा फहराया। जगह– जगह कसीदे पढ़ने के बाद मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। मस्जिदों और घरों को बिजली के रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया। जगह जगह गेट बनाकर इस्लाम का प्रतीक चिन्ह लगाया गया। लोगों ने घरों में इस्लाम व तिरंगा का झंडा फहराया। जुलूस मस्जिद चौराहे से शुरू होकर रमजान गली,नीबी दोहनी,पुलिस पीकेट,गड़ाकुल से माल गोदाम होते हुए पुनः जामा मस्जिद पर समाप्त हो गया। इस अवसर पर मौलाना रजिउल्लाह ,नवाब खान,अलताफ हुसैन,वकार मोईज खान,अरमान अंसारी,सैफ फारूकी,सैफ आलम,जिशान रगरेज, एजाज अहमद,सलमान इदरीसी,फरहान,इजहार हुसैन,अफसर अंसारी,मोहम्मद अशरफ अंसारी, असलम अंसारी,अब्दुल वदुद आदि मौजूद रहे।



## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन एवं चुनाव आज




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का ग्यारहवा द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के सभागार में 10 अक्टूबर सोमवार को आयोजित है |अधिवेशन का उद्घाटन जिलाधिकारी संजीव रंजन करेंगे। मुख्य अतिथि मा0सांसद जगदम्बिका पाल,विशिष्ट अतिथि के रूप में मा0विधायक बाँसी राजा जय प्रताप सिंह,मा0विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही,मा विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द माधव,पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार,प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ0ए0के0झा,सीएमओ डॉ0वीके अग्रवाल उपस्थित रहेंगे |समापन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेश रावत,प्रान्तीय महामंत्री अतुल मिश्रा,अध्यक्ष उ0प्र0बेसिक हेल्थ वर्कर संघ धनन्जय त्रिपाठी,प्रदेश अध्यक्ष मातृ शिशु कल्याण कर्मचारी संघ श्रीमती मीरा पासवान उपस्थित रहेंगे |अधिवेशन को सफल बनाने के लिये जिलाध्यक्ष आशोक त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष वाई0के0द्विवेदी, डीपीए अध्यक्ष वाई0पी0यादव, मन्त्री गोविन्द ओझा ने जिले कर्मचारियों साथियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर रामायण पाठ का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।




महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर शोहरतगढ़ के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में बाल्मीकि रामायण का पाठ एवं द्वीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता जी ने विधि–विधान से पूजन कार्य कर महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित महाकाव्य पर प्रकाश डाला। विधि–विधान से पूजन कार्य करा रहे गुरुजन कपिलदेव पाण्डेय ने हनुमान चालीसा, सुन्दर कांड एवं कथा प्रवचन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया |बिदित हो कि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पूरे प्रदेश में कई स्थानों पर कार्यक्रम किये जा रहे है, जिसमें महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस धराधाम पर चांद जैसी शीतलता प्रदान करके रामायण की रचना करने वाले त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि की आज जयंती है। महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम का साक्षात्कार हम सबसे करवाया। महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम पर पहला महाकाव्य वाल्मीकि रचा था। इसके बाद दुनिया भर में इसी ग्रंथ को आधार बनाकर भगवान श्रीराम के चरित्र को रचा गया। हमारा सौभाग्य है कि आज महर्षि वाल्मीकि के पावन जन्मोत्सव मना रहे हैं। इस दौरान सदर लेखपाल अनिरुद्ध चौधरी, लेखपाल रामकुमार तिवारी, संजू पाण्डेय, बीडी कसौधन, कमलेश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता सहित नगर पंचायत के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरा देश निरंतर प्रगति के पथ पर– जगदंबिका पाल

### आदिकवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदस्य राज्य




स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि की अध्यक्षता एवं सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर सभागार में बैठक संपन्न हुई। आदिकवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित किया गया। माननीय सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। महर्षि बाल्मीकि जी द्वारा हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण महाकाल रामायण की रचना की गई जिसमें भगवान राम के गुणों की महिमा का वर्णन किया गया है |रामायण महाकाव्य सबसे प्राचीन महाकाव्य है |उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चित्रकूट में स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम को टूरिस्ट स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है |महर्षि बाल्मीकि की जयंती के अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण काव्य रामायण की रचना की गई थी उन्होंने इसकी रचना संस्कृत भाषा में की।

सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर 2022 से 2 अक्टूबर 2022 तक सेवा पखवारा के रूप में मनाया गया। आज उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त राजेंद्र पांडे अर्चित समान मिश्रा जगदीश जायसवाल राकेश त्रिपाठी ब्रजेश उपाध्याय आशीष शुक्ला नरेंद्र श्रीवास्तव राजू सिंह सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

**शेष जनता तो अपना गुजारा किसी तरह करती रहती है। सरकारी अफसरों, मंत्रियों और नेताओं के एक तरफ ठाठ–बाट देखिए और दूसरी तरफ मंहगाई से अधमरी हुई जनता की बदहाली देखिए तो आपको पता चलेगा कि देश का असली हाल क्या है? जनता के गुस्से और बेचैनी को काबू करने के लिए सभी सरकारें जो ...**

# होसबोले के बोल होश उड़ाएँ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रय होसबोले ने भारत की आर्थिक स्थिति के बारे में जो बयान दिया है, उससे विरोधी दलों के नेता चाहे कितने ही खुश होते रहें लेकिन उसे सरकार–विरोधी नहीं कहा जा सकता है। वह वास्तव में सरकार को जगाए रखने की घंटी की तरह है। वास्तव में सरकारें अपनी पीठ खुद ही ठोकती रहती हैं और ज्यादातर अखबार और टीवी चौनल खरी–खरी बात लिखने और बोलने का साहस नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे में अगर संघ का उच्चाधिकारी कोई आलोचनात्मक टिप्पणी करता है तो वह कड़वी जरुर होती है लेकिन वह सच्ची दवा भी होती है। होसबोले ने यही तो कहा है कि देश में गरीबी और अमीरी के बीच खाई बढ़ती जा रही है। हमारी खबरपालिका यह तो प्रचारित करती रहती है कि देश के फलां सेठ दुनिया के अमीरों के कितने ऊँचे पायदान पर पहुँच गए हैं लेकिन वह यह नहीं बताती कि देश में अभी भी करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें भरपेट रोटी भी नहीं मिलती। वे बिना इलाज के ही दम तोड़ देते हैं। लगभग डेढ़ सौ करोड़ के इस देश में कहा जाता है कि सिर्फ 20 करोड़ लोग ही गरीबी रेखा के नीचे हैं। सच्चाई क्या है? मुश्किल से 40 करोड़ लोग ही गरीबी के रेखा के ऊपर है। लगभग 100 करोड़ लोगों को क्या भोजन, वस्त्र, निवास, शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं? क्या वे हमारे विधायकों और सांसदों की तरह जीवन जीते हैं? जो हमारे प्रतिनिधि कहलाते हैं, वे किस बात में हमारे समान हैं?

वे हमारी तरह तो बिल्कुल नहीं रहते। सरकारी आकड़े बताते हैं कि देश में सिर्फ 4 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। क्या यही असलियत है? रोजगार तो आजकल बड़े–बड़े उद्योगपतियों की कंपनियां दे रही हैं, क्योंकि वे जमकर मुनाफा सूंत रही है लेकिन छोटे उद्योगों और खेती की दशा क्या है? सरकार सर्वत्र डंका पीटती रहती है कि उसे इस साल जीएसटी और अन्य टैक्सों में इतने लाख करोड़ रु. की कमाई ज्यादा हो गई है लेकिन उससे आप पूछें कि टैक्स देने लायक लोग याने मोटी कमाई वाले लोगों की संख्या देश में कितनी है? 10 प्रतिशत भी नहीं है। शेष जनता तो अपना गुजारा किसी तरह करती रहती है। सरकारी अफसरों, मंत्रियों और नेताओं के एक तरफ ठाठ–बाट देखिए और दूसरी तरफ मंहगाई से अधमरी हुई जनता की बदहाली देखिए तो आपको पता चलेगा कि देश का असली हाल क्या है? जनता के गुस्से और बेचैनी को काबू करने के लिए सभी सरकारें जो चूसनियां लटकाती रहती हैं, उनका स्वाद तो मीठा होता है लेकिन उनसे पेट कैसे भरेगा?

# संकेत या एक घटना?

भारत पश्चिम और रूस–चीन के खेमों में बढ़ते टकराव के बीच दोनों से लाभ उठाने की रणनीति पर चलता रहा है। अब तक ये रणनीति कारगर थी। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। भारत की एक पेट्रोकेमिकल कंपनी पर प्रतिबंध लगाने का अमेरिका के फैसले को संभवतरू पश्चिमी देशों में भारत के प्रति बढ़ती बेसब्री का संकेत माना जाना चाहिए। अमेरिका ने ऐसा ही संकेत पाकिस्तान को एफ–16 लड़ाकू विमानों के 45 करोड़ डॉलर के पाट–पुर्जे देने की घोषणा करके भी दिया था। यही नहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर भारत और पाकिस्तान दोनों को समान महत्त्व का मित्र देश बता दिया। ऐसा वर्षों बाद हुआ है, जब अमेरिका ने ऐसा रुख दिखाया है। हकीकत यह है कि यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत के तटस्थ रुख ने अमेरिका और पश्चिमी खेमे की गणनाएं बिगाड़ दीं। चीन के खिलाफ अपनी लामबंदी में अमेरिका ने भारत को मुख्य मोर्चा बनाने की रणनीति बनाई थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद बनी नई भू–राजनीतिक पररिस्थितियों के बीच अब उसका इस रणनीति पर भरोसा नहीं रह गया है। जाहिर है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल में जिस आक्रामक लहजे में पश्चिमी अपेक्षाओं के जवाब दिए हैं, वह भी अमेरिका और यूरोपीय राजधानियों में नागवार गुजरा होगा। तो अब अमेरिका ने संकेत देना शुरू किया है। भारत की मुश्किल यह है कि वह पश्चिम और रूस–चीन के खेमों में बढ़ते टकराव के बीच दोनों से लाभ उठाने की रणनीति पर चल रहा है। कहा जा सकता है कि अब तक ये रणनीति कारगर थी। लेकिन यह तो आरंभ से तय था कि दो नावों पर एक साथ सवारी नहीं की जा सकती– खास कर वे नौकाएं अलग–अलग दिशाओं में जा रही हों। तो संभवतरू अब वो वक्त आ गया है कि जब भारत को या तो इस रणनीति में असाधारण कौशल दिखाना होगा या उसे दोनों में से किसी एक खेमे को चुनना होगा। दरअसल, भारत को सबसे पहले इस भ्रम से उबरने की जरूरत है कि उसकी बड़ी अर्थव्यवस्था और भू–राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि दुनिया की कोई ताकत उसकी उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकती। सामान्य समय में ऐसी धारणाओं को लेकर चला जा सकता है, लेकिन जब दुनिया स्पष्टतरू दो खेमों में बंट रही हो, तो उस समय साफ नीति और ठोस रुख तय करना ही एकमात्र रास्ता होता है।

# भारत में शोध और नवाचार

**सरकार के द्वारा शोध एवं नवाचार को 7 भूमिका को प्रभावी बनाने के मद्देनजर आरएंडडी पर देश की कुल जीडीपी का कोई दो फीसदी तक खर्च किया जाना सुनिश्चित करना उपयुक्त होगा। इसके साथ ही आरएंडडी में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़ाई जानी होगी। आरएंडडी की राशि को केवल सरकारी शोध प्रयोगशालाओं तक ही सीमित न करके बुनियादी एवं अनुप्रयुक्त शोध के लिए व्यापक आधार तैयार...**

अजय दीक्षित

भारत प्रत्येक क्षेत्र में शोध और नवाचार (रिसर्च एवं इनोवेशन) का समर्थन करते हुए अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। वर्ष 2022 में भारत की अर्थव्यवस्था में 7.5 फीसदी वृद्धि करने की आशा है जो विश्व की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक होगी । आज भारत में 7०० से अधिक स्टार्टअप हैं, जिनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। ऐसे में भारत शोध और नवाचार को और अधिक प्रोत्साहन देते हुए देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास को नई रफ्तार देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है । गौरतलब है कि सरकार पिछले सात–आठ वर्षों से भारत को अनुसंधान और नवाचार के लिए एक वैश्विक केन्द्र के रूप में लगातार समर्थन देते हुए दिखाई दे रही है। 2014 के बाद से विज्ञान और नवाचार पर निवेश बढ़ा है। यही कारण है कि भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में इस समय 46वें स्थान पर है, जो 2015 में 81वें स्थान पर था। इस समय जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर रहा है तब भारत के विज्ञान और नवाचार की अहम भूमिका से विकास की आस पूरी होगी। सरकार ने देश को 25 वर्ष बाद 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के मद्देनजर शोध और नवाचार की भूमिका को अब अधिक अहम एवं प्रभावी बनाए जाने का संकेत दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले एक दशक में शोध, नवाचार और तकनीकी विकास के परिप्रेक्ष्य में भारत लगातार आगे बढ़ा है। शोध एवं नवाचार के कारण बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं । नए वैश्विक ग्लोबल इंडेक्स के तहत भारत में कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता और दिवालियापन की समस्या को हल करने में आसानी जैसे संकेतकों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था, घरेलू कारोबार में सरलता, स्टार्टअप, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। निरूसंदेह कोविड– 19 भारत में नए चिकित्सकीय शोध और नवाचार को बढ़ावा देने का भी एक अवसर बना है। जब फरवरी मार्च 2020 में देश में कोरोना संक्रमण की पहली लहर शुरू हुई थी, तब देश में कोरोना की रोकथाम के लिए कोरोना वैक्सीन से संबंधित शोध और उत्पादन के विचार आने शुरू हुए थे। सामान्य तौर पर किसी बीमारी का टीका बनाने में कई वर्ष लगते हैं, लेकिन भारत में कोरोना वायरस की चुनौती के मद्देनजर कुछ महीनों के अन्दर, कोरोना का टीका बनाने का कठिन लक्ष्य पूरा किया गया। इतना ही नहीं देश में अगस्त 2022 तक 200 करोड़ से अधिक टीके लगाये जा चुके हैं। देश में कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाने में भी कृषि सम्बन्धी शोध और नवाचार की प्रभावी भूमिका है । कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक देश में कृषि शोध से जुड़ी सौ से अधिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, 75 कृषि विश्वविद्यालयों और इंडियन काउंसिल आफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर) के 20 हजार से अधिक वैज्ञानिकों के समर्पित शोध कार्य, प्री एंड पोस्ट हार्वेस्टिंग मैनेजमेंट, कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते निजी निवेश, 731 कृषि विज्ञान केंद्रों से मुफ्त बीजों का वितरण, सीड टेक्नोलाजी में फसलों की जीनोम एडिटिंग की अनुमति, कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिये जाने से कृषि क्षेत्र में विकास का नया अध्याय तेजी से आगे बढ़ रहा है। जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए शोध एवं नवाचार में कितना आगे बढना होगा, तो हमारे सामने दुनिया के 38 विकसित देशों का आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) दिखाई देता है। इस समूह के सभी देशों ने अपने–अपने देश में आर्थिक विकास को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए शोध और विकास (आरएंडडी) की भूमिका को प्रभावी बनाया है। इस समय यूरोपीय संघ में आरएंडडी पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 2 प्रतिशत, अमेरिका और जापान में करीब 3 फीसदी और दक्षिण कोरिया में करीब 4.5 फीसदी व्यय किया जाता है। जहां दुनिया को प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आरएंडडी पर खर्च निरंतर तेजी से बढ़ा है, वहीं भारत में आरएंडडी पर करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय रहा है। यदि हम आरएंडडी की दृष्टि से देखें तो आज भारत उसी मुकाम पर खड़ा है, जहां 60–70 वर्ष पहले अमेरिका था। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका ने आरएंडडी पर तेजी से अधिक खर्च करके सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है। ऐसे में भारत को भी आर्थिक शक्ति और विकसित देश बनाने के लिए आरएंडडी की ऐसी सुविचारित रणनीति पर आगे बढना होगा जिसके तहत सरकार, निजी क्षेत्र और शोध संस्थानों के बीच सहजीविता और समन्यय के सूत्र आगे बढ़ाए जा सकें। सरकार के द्वारा शोध एवं नवाचार को 7 भूमिका को प्रभावी बनाने के मद्देनजर आरएंडडी पर देश की कुल जीडीपी का कोई दो फीसदी तक खर्च किया जाना सुनिश्चित करना उपयुक्त होगा। इसके साथ ही आरएंडडी में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़ाई जानी होगी। आरएंडडी की राशि को केवल सरकारी शोध प्रयोगशालाओं तक ही सीमित न करके बुनियादी एवं अनुप्रयुक्त शोध के लिए व्यापक आधार तैयार करने पर भी खर्च किया जाना होगा ।

# संघ ने चिंता जताई, दबाव क्यों नहीं बनाया?

**सोचें, पिछले डेढ़ सौ साल में पहली बार ऐसा हो रहा है कि समय पर जनगणना नहीं हो रही है। सवाल है कि जब सरकार के पास आबादी और उसकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति का आंकड़ा ही नहीं होगा तो वह कैसे नीतियां बनाएगी और कैसे गरीबी, बेरोजगारी या असमानता दूर करने का प्रयास करेगी? ऐसा लग रहा है कि इन तीन बुनियादी समस्याओं को लेकर देश के लोगों में जो ...**

अजीत द्विवेदी

देर से ही सही लेकिन राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने देश के सामने मौजूद तीन सबसे बड़ी समस्याओं– गरीबी, बेरोजगारी और असमानता को लेकर चिंता जताई है। संघ के नंबर दो पदाधिकारी सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने स्वदेशी जागरण मंच के एक कार्यक्रम में गरीबी को लेकर कहा कि श्देश में गरीबी एक राक्षस की तरह हमारे सामने खड़ी है और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम इस राक्षस को समाप्त करेंय। असमानता को लेकर उन्होंने कहा कि श्देश की राष्ट्रीय आय का 20 फीसदी हिस्सा एक फीसदी लोगों के पास हैं, जबकि देश की आधी आबादी यानी 50 फीसदी आबादी के पास राष्ट्रीय आय का सिर्फ 13 फीसदी हिस्सा है।य उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है कि देश में 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं और 23 करोड़ लोग हर दिन 375 रुपए से भी कम कमा रहे हैं। बेरोजगारी को लेकर होसबाले ने कहा, श्भारत में चार करोड़ बेरोजगार लोग हैं, जिनमें से 2.2 करोड़ लोग शहरी क्षेत्रों में और 1.8 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में हैंय।

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के अनुषंगी संगठनों की ओर से सरकार की कुछ नीतियों को लेकर समय समय पर चिंता जताई जाती रही है। स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ या भारतीय मजदूर संघ की ओर से नीतिगत मसलों पर सवाल उठाए जाते हैं। लेकिन हाल के समय में यह पहली बार है, जब सीधे संघ के नंबर दो पदाधिकारी ने केंद्र सरकार की नीतियों की परिणति के तौर पर पैदा हुई गरीबी, बेरोजगारी और असमानता का व्यापक मुद्दा उठाया है। यह इस लिहाज से बहुत अहम है क्योंकि यह किसी एक नीति की आलोचना या एक नीति के मामले में सुझाव नहीं है, बल्कि एक व्यापक चिंता का मुद्दा है, जो आज देश के सामने मौजूद है। भारत पहले भी गरीबी, बेरोजगारी और असमानता से मुक्त नहीं था लेकिन पिछले आठ साल में आर्थिक नीतियों के साथ जिस तरह के प्रयोग किए गए हैं उनकी वजह से देश ऐसी स्थिति में पहुंचा है। भारत में करीब एक दशक तक गरीबी घटने का ट्रेंड था, जो अब पलट गया है और गरीबी बढने लगी है। यह सरकारी नीतियों की गड़बडियों के कारण हुआ।

हैरानी की बात है कि जब सरकार आर्थिक नीतियों के साथ बेसिरपैर के प्रयोग कर रही थी, तब राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने चुप्पी साधे रखी या लगभग मौन सहमति दी। सबसे पहले नोटबंदी, फिर जल्दबाजी में लागू किए गए जीएसटी और उसके बाद कोरोना महामारी के दौरान लागू किए गए आर्थिक पैकेज के समय संघ की ओर से कोई प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली। ये तीन बुनियादी मुद्दे हैं, जिनकी वजह से देश की पूरी व्यवस्था बिगड़ गई। नोटबंदी और जीएसटी की व्यवस्था से छोटी व मझोली कंपनियों और स्वरोजगार करने वालों पर सबसे बड़ी मार पड़ी। उनके कामधंधे बंद हो गए। सरकार की नीतिगत गड़बडियों की वजह से उनका संघर्ष चल ही रहा था कि कोरोना की महामारी शुरू हो गई। कोरोना महामारी में सरकार ने बिना सोचे समझे पहले लॉकडाउन लगाया और उसके बाद जो आर्थिक पैकेज जारी किया उसमें किसी भी समूह की नकद मदद नहीं की गई। सरकार का पूरा आर्थिक पैकेज कर्ज के प्रावधान करने वाला था। इसका नतीजा यह हुआ है कि नोटबंदी और जीएसटी की मार झेल रहा एमएसएमई सेक्टर कोरोना की मार नहीं झेल सका और देश में सर्वाधिक लोगों को रोजगार देने वाला यह सेक्टर दम तोड़ रहा है।

इस बीच आर्थिक असमानता बढ़ाने वाली सरकारी नीतियां जारी रहीं। छोटी और मझोली कंपनियों को बढ़ावा देने की बजाय बड़े कॉरपोरेट बनाने के घोषित लक्ष्य के साथ सरकार काम करती रही। सारे बड़े ठेके चुनिंदा कंपनियों को दिए जा रहे हैं। केंद्र सरकार के उपक्रमों को औने–पौने दाम पर चुनिंदा कंपनियों को बेचा जा रहा है। नई बनी दिवालिया संहिता के जरिए कंपनियों को दिवालिया होने और बैंकों के कर्ज नहीं चुकाने की छूट दी जा रही है। एक तरफ कंपनियां बैंकों के कर्ज नहीं चुका रही हैं और डिफॉल्ट करने के बाद वापस उन्हीं कंपनियों को औने–पौने दाम में हासिल कर ले रही हैं। इस तरह बैंकों को दोहरा नुकसान हो रहा है तो चुनिंदा कंपनियों की संपत्ति में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। कृत्रिम तरीके से रुपए को मजबूत रखने के लिए रिजर्व बैंक सुरक्षित मुद्रा भंडार से डॉलर निकाल कर मार्केट में फेंक रहा है तो दूसरी ओर सरकारी उपक्रमों से खरीद करवा कर शेयर बाजार को ऊंचा बनाए रखा गया है। इसी वजह से चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में बेहिसाब तेजी आई है और आय की असमानता बढ़ती गई है।

संघ के नंबर दो पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि सरकार ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए पिछले कुछ बरसों में कई कदम उठाए हैं। लेकिन हकीकत यह है कि सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। सरकार तेल की कीमतों में कमी करके महंगाई काबू में कर सकती है लेकिन उसने नहीं किया है। सरकार का खजाना अगर भरा हुआ है तो वह बड़ी संख्या में भर्ती करके बेरोजगारी दर को नियंत्रित कर सकती है लेकिन भर्ती के नाम पर वह चार साल के अग्निवीर बहाल कर रही है। सरकार अनाज खरीद बढ़ा कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है लेकिन अनाज की सरकारी खरीद लगातार कम हो रही है। सरकार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज दे रही है। लेकिन यह कोई उपाय नहीं है, बल्कि यह गरीबी, बेरोजगारी और असमानता की असली तस्वीर दिखाने वाला आईना है। इससे देश की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। सरकार असल में गरीबी घटाने, बेरोजगारी रोकने और असमानता दूर करने का कोई सांस्थायिक या नीतिगत प्रयास नहीं कर रही है। उलटे सरकार ने गरीबी और बेरोजगारी का आकलन करने की प्रक्रिया ही रोक दी है। भारत में उपभोक्ता खर्च के आधार पर गरीबी का आकलन होता है। सुरेश तेंदुलकर कमेटी की सिफारिशों के आधार पर शहरों में हर दिन 29 रुपए और गांवों में 22 रुपए से कम खर्च करने वालों को गरीब माना जाता है। कंज्मप्शन एक्सपेंडिचर सर्वे यानी सीईएस के आधार पर इसका आकलन किया जाता है, लेकिन 2011 के बाद से इसका कोई अपडेट सरकार के पास नहीं है। सरकार ने 2017–18 के सीईएस के आंकड़े ठंडे बस्ते में डाल दिए। पीरियड लेबर फोर्स सर्वे यानी पी ए ल ए फ ए स 2017–18 के आंकड़ों से पता चलता है कि चार दशक में पहली बार उपभोक्ता खर्च में कमी आई है। यह गरीबी बढने का सीधा संकेत है। लेकिन सरकार ने इस आंकड़े को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। भारत में 2011 तक गरीबों की संख्या घट कर 13 करोड़ रह गई थी, जिसमें 2019 तक साढ़े सात करोड़ से ज्यादा की बढ़ोतरी हो गई। यानी आंकड़ा 21 करोड़ के करीब पहुंच गया। कोरोना के बाद इसमें और बढ़ोतरी हुई होगी। देश की कुल राष्ट्रीय आय में शीर्ष 10 फीसदी लोगों के पास 57 फीसदी से ज्यादा आय है, जबकि बाकी 90 फीसदी लोग 43 फीसदी राष्ट्रीय आय में शामिल हैं।

असलियत यह है कि सरकार देश में गरीबी, बेरोजगारी और असमानता दिखाने वाला कोई आंकड़ा इकत्रद्ध नहीं कर रही है और इधर उधर से जो आंकड़े आ रहे हैं उन पर ध्यान भी नहीं दे रही है। सोचें, पिछले



# रामलीला में शबरी व राम मिलन का कलाकारों ने किया मंचन

सिधौली (सीतापुर)। रावण द्वारा माता सीता का हरण करने के बाद राम और लक्ष्मण सीता को तलाशते हुए शबरी के आश्रम में पहुंचे। जहां पर शबरी ने अपने अपने आश्रम में भगवान राम को देखकर चरण वंदना की और उनके स्वागत आवभगत में बगीचे से मीठे बेर लाकर भगवान राम को खाने को दिए। माता सबरी से मुलाकात के उपरांत भगवान राम किष्किंधा पहुंचे। जहां पर सुग्रीव से उनका मिलन हनुमान के द्वारा कराया गया और सुग्रीव के राज्य और पत्नी को छीन लेने वाले उसके भाई बाली का वध राम के द्वारा किया गया। कस्बे के रामलीला मैदान पर दशहरा के उपलक्ष्य में चल रहे। रामलीला में बीते . रात उक्त मार्मिक दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो उठे। रामलीला मैदान पर वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का बेहतरीन मंचन 26 सितंबर से लगातार रात्रि में किया जाता है। रामलीला देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में आसपास के क्षेत्र व कस्बे से लोग आते हैं। हो रही धीमी धीमी बरसात में भी दर्शक रामलीला को देखने के लिए डटे रहे। वहीं कलाकारों द्वारा भी लगातार रामलीला का कार्यक्रम चलाया जाता रहा। रामलीला में माता शबरी और भगवान राम के मिलन का मनमोहक दृश्य का मंचन बेहतरीन तरीके से कलाकारों द्वारा किया गया। इसी प्रकार सीता को ढूंढते हुए जब भगवान राम किष्किन्धा पहुंच रहे थे। इसी दौरान किष्किंधा में प्रवेश करने पर सुग्रीव को पता चला कि कोई दो सन्यासी जंगल में भटक रहे हैं तो सुग्रीव को लगा कि बड़े भाई बाली ने उन्हें मारने के लिए तो बहरूपिया भेजे हैं।

जिसका पता लगाने के लिए सुग्रीव ने हनुमान को भेजा। असलियत पता लगाने में हनुमान को जब पता चला कि वह भगवान राम है और सीता को तलाशने के लिए जा रहे हैं। रामलीला में हनुमान की एंट्री से ही पांडाल जय श्री राम के नारों से गूंज गया। महाशक्तिशाली सुग्रीव के भाई बाली का वध किस प्रकार से भगवान राम ने किया इसको भी दिखाया गया। श्री रामलीला कमेटी के संजय कनोडिया, मनीष श्रीवास्तव, रामनरेश राजपूत आदि ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 9 अक्टूबर को रामलीला मैदान पर रावण वध व बड़ा मेला लगेगा। वहीं 10 अक्टूबर को मेला व भगवान राम का राज तिलक का भव्य आयोजन होगा और रात्रि में बेहतरीन कार्यक्रम किए जाएंगे।

# बारिश में फसलों को नुकसान, मोहल्लों में भरा पानी

## मोहल्लों में पानी भरने से खुली नगर पंचायत के विकास की पोल

महोली (सीतापुर)। लगातार कई दिन से हो रही बारिश व तेज हवाओं ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है तो तमाम मोहल्लों में पानी भर जाने से नगर पंचायत के विकास के दावों की पोल खुल गई है। सुबह से ही रुक–रुककर बारिश होती रही। जिससे मौसम में काफी नमी के साथ ठंड भी महसूस की गई। तमाम कच्चे पक्के मकान क्षतिग्रस्त हो गए तो मयंक बाजपेई के घर के आसपास पानी भर जाने की वजह से दीवारें दरकने की कगार पर है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से गन्ना दलहन तिलहन व सब्जी को काफी नुकसान पहुंचा है और खेतों में धान, गन्ना की फसल गिर गई है।

कई खेतों में पानी भर जाने से उड़द तिल सहित सब्जी की फसलें भी काफी प्रभावित हुई हैं। जिससे किसानों की परेशानी काफी बढ़ गई है।इस बार शुरू में पड़े सूखे ने जरूरत के वक्त नुकसान पहुंचाया और अब धान उरद तिल आदि की फसल तैयार होने के समय बारिश ने किसानों को दोहरा नुकसान पहुंचा दिया है। सब्जी की फसलों में तोरई लौकी कद्दू जैसी तमाम फसलों को पानी से नुकसान होने की आशंका है।

बुधवार से लगातार हो रही बारिश ने नगर के विकास की पोल खोल दी है तो नगर के भट्टा मोहल्ला और चमारन टोला जैसे तमाम मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई है। तमाम भयानक संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है। हालांकि नगर पंचायत द्वारा पंपिंग सेट के जरिए पानी निकलवाया जाता है। नगर की सीमा से लगी कठिना नदी बारिश के चलते उफान पर है। जिससे आस पास के गांव में पानी भर जाने और फसल डूब जाने का खतरा पैदा हो गया है। क्षेत्र के तमाम किसानों के द्वारा फसल के पूरी तरह चौपट हो जाए की आशंका जताई गई है। चड़रा गांव के रमापति त्रिवेदी की उर्द व मूंगफली के कई गांवों में भी खेतों में पानी भर गया है और नवल त्रिवेदी का गन्ना गिर गया है। पहले सूखे की मार अब बारिश की भरमार से किसान काफी परेशान है और फसलें बर्बादी के कगार पर है।

# आप सल. की तसरीफ आवरी ने कुफ्र व जलालत के अंधेरे में ऐक नूर की किरण जलाई

सीतापुर। माहे रबी–उल–अव्वल इस्लामी कैलेंडर के एतबार से चांद का तीसरा महीना है। इस महीने की अजमत व फजीलत अपनी जगह एक हकीकत है कि इस महीने में हमारे आका व मौला सरकार दो आलम इमाम–उल–अंबिया अब्दुल मुत्तलिब के प्यारे आमिना के दुलारे अब्दुल्ला के लखते जिगर ताजदार ए हरमैन हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम की विलादत ब सआदत हुई। इसलिए इस महीने को बरकत और फजीलत वाला महीना कहा जाता है। रबी–उल–अव्वल के माना बहार के आते हैं। आप सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम की बेशत यानी दुनिया में आने से कबल दुनिया की क्या हालत थी और दुनिया किधर जा रही थी। इंसान ने खुद को बनी नोइंसान के मुख्तलिफ तबकात में बांट रखा था। जिसमें चंद अफराद जो ताकत और वसाएलऐ जिंदगी के सहारे बड़े बन जाते थे और दूसरों को गुलाम ही नहीं गुलामों से बदतर काम नहीं लेते थे बल्कि अपनी तफरीहात के लिए जुल्म के साथ इस्तेमाल करते थे। अपने जश्न और दावत की महफिलों में उनको फुलझड़ी की तरह जलाकर तफरीह का सामान बनाते और जानवरों से कुश्ती कराते और उसके शिकस्त खाकर मरने की हालत को बड़े शौक और दिलचस्पी से देखते थे। औरत को सिर्फ ऐश का सामान और जरिया समझा जाता था और उसकी खातिर और इज्जत सिर्फ उसी लिहाज से होती थी। इसके अलावा भी उसको मर्दों के मुकाबले में पस्त और ना पसंदीदा समझा जाता। वह अपने मां बाप के घर में भाइयों के मुकाबले कमतर समझी जाती लोग लड़कियों की पैदाइश को ऐब समझते उन्हें जिंदा दफन करने पर फख्र महसूस करते शादी के बाद उसका ताल्लुक अपने मां बाप के घर से खत्म हो जाता। मीराष में भी उसको हिस्सा नहीं मिलता वह सिर्फ भाइयों का होता शोहर के मरने के बाद उसकी मिट्टी और भी पलीद हो जाती। आप सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम तशरीफ लाए तो गुलामों और औरतों को उनका हक दिलाया और उनको उसी तरह मुअज्जज और हकदार इंसान करार दिया। फिर जिस तरह इंसानों के दूसरे तबकात हैं आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने साफ एलान फरमाया कि देखो तुम सब एक इंसान आदम अलैहिस्सलाम की औलाद हो तुम सब बराबर हो गोरे हो या काले अरब हो या गैर अरब कोई किसी से बड़ा छोटा नहीं हां नेकी और खुदा तरसी में आदमी बड़ा हो सकता है। फिर आप सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम ने इस पर अमल करवाया और खुद भी किया और दुनिया को दिखा दिया कि इंसानों की आपस में मुसावात बराबरी कैसी होती है। ईरान के सलमान फारसी अफ्रीका के बिलाल हब्शी रूम के सुहेब रूमी रजि अल्लाहु अन्हूम को अपने साथ इस तरह रखा जिस तरह अपने खानदान के लोगों को रखते हैं। औरत के हुकूक को अदा करने का सख्त हुक्म दिया। मीराष मैं भी उनका हक रखा शादी हो जाने के बाद उसके मां–बाप को उसकी फिक्र और ख्याल रखने का हुक्म दिया और सोहर को अपनी ताकत के मुताबिक जिंदगी की जरूरियात मुहैया करने का हुक्म दिया उनकी दौलत में उनका हक मुकर्रर कर दिया। आप की पैदाइश से लेकर विशाल तक पूरी जिंदगी की सीरत और हालात का तजकिरा बड़ी रहमतों और बरकतों के नजूल का सबब है। इस माह मुबारक में इबादात गरीबों कमजोरो यतीमो बेवाओं की इमदाद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए फुजूलियात में अपनी रकम और वक्त को जाए करने से बचना चाहिए और इस महीने में अहद करना चाहिए कि आप सल्लाहू अलैही वसल्लम के तरीकों और सुन्नतों पर अमल करूंगा और तमाम इंसानियत की भलाई की फिक्र करूंगा।

# स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर ।स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा



चिल्हिया मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह ने मंडल में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी की दी गई की वह अपने अपने बूथ पर स्नातक मतदाता बनाने का कार्य प्रारंभ कर दें ताकि जो भी प्रत्याशी भाजपा की तरफ से लड़े, उन्हें भारी मतों से विजयी बनाया जा सके। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को फार्म प्ररूप 18 वितरित किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिल्हिया मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पद्माकर शुक्ला ने किया। इस दौरान जिला मंत्री अजय उपाध्याय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दल सिंगार दुबे, कपिलवस्तु विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र पांडे, मंडल प्रभारी सुरेश्वर पुरी रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं ने महर्षि बाल्मीकि जी की मनाई जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर महर्षि वाल्मीकि




जी की जयंती रविवार को मनाई गई एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निव जिला अध्यक्ष विजय यादव ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए निव जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक ऐसे महान लेखक थे जो रामायण को लिखने का काम किया स उनके बताए हुए रास्ते पर हम समाजवादियों को चलकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है और गरीबों मजदूरों आदिवासियों को हम लोगों को हमेशा उनके हित की लड़ाई लड़ना है। इस मौके पर अनिल प्रधान, अशोक पटेल, अरुण मौर्य, विनोद यादव, परशुराम, प्रमोद, राजेश के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# कस्बा रामकोट बना जानलेवा, जिम्मेदार मौन

## भीषण हादसे का इन्तजार कर रहा पीडब्लूडी विभाग

सीतापुर। सीतापुर से हरदोई जाने वाली मुख्य सड़क पर रामकोट कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर एसबीआई बैंक तक भीषण गहरे गड्ढे होने के कारण सड़क तालाब बनी हुई है। यहां मुख्य मार्ग पर इतने बड़े–बड़े गड्ढे हो गये है। जहां हर समय बड़े हादशे का खतरा बना हुआ है। रामकोट कस्बे में मुख्य चौराहे से लेकर एसबीआई बैंक तक बने गहरे गड्ढे स्थानीय लोगों के लिए भी मुसीबत बनते जा रहें है। स्थानीय दुकानदार और वाहन चालक हर समय खतरे का सामना करते रहते हैं। सड़क पर बने गहरे–गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत बने हुए हैं। मुख्य मार्ग पर बने गहरे गड्ढों में गिरकर दिन भर में दर्जनों वाहन चालक हादशे का शिकार बन रहे हैं। लेकिन इस गहरे गड्ढों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग भी लापरवाह बना हुआ है। प्रदेश में गड्ढामुक्त सड़कों की बानगी देखनी है तो सीतापुर से हरदोई राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर आइए। यहां के रामकोट चौराहे पर भीषण गहरे गड्ढों में सड़क तलाशनी पड़ रही है। इस सड़क पर एक बार गड्ढे भरने का काम तो हुआ और गिट्टी डालकर काम चला दिया गया और पानी भरने से फिर सड़क खस्ताहाल हो गयी और कागजों में गड्ढे भर दिए गये। इससे राष्ट्रीय राज्य मार्ग का रामकोट कस्बा अब तक गड्ढा मुक्त नहीं हो पाया है। क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों के साथ सड़क मरम्मत कराने की गुहार अनवरत कर रहे हैं लेकिन सड़क पर बने गहरे गहरे गड्ढे न तो लोक निर्माण विभाग सही कर रहा है और न ही प्रशासन संज्ञान ले रहा है। यूपी के मुख्यमंत्री ने गड्ढा मुक्त कराने के निर्देश भी दिये थे लेकिन काफी समय बीत चुका है फिर भी सड़क पर बने बड़े–बड़े गड्ढे वैसे ही बने हुए हैं और सड़क की हालत जैसी की तैसी बनी हुई है। लापरवाह विभागीय अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। हालात यह है कि पूरी सड़क की गिट्टी उखड़ी पड़ी है। इस मार्ग पर आने वाले अधिक से अधिक गांवों के ग्रामीणों का भी आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवागमन करने वालों का समय बर्बाद तो हो ही रहा है साथ ही गिर कर घायल हो रहे हैं और लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के अभियान के तहत जिन गड्ढों को ठेकेदारों ने पाटा था उनमें केवल गिट्टी भर दी गईं। जिससे एक बारिश के बाद ही गड्ढे और गहरे हो गए। गड्ढे भरने में इतना घटिया मैटेरियल लगाया गया कि एक सप्ताह भी नहीं चल सका और सड़क टूटती चली गई। आलम यह है कि अब रामकोट कस्बे से राहगीरों को गुजरना मुश्किल हो रहा है। यहां से अधिकारी भी निकलते हैं और राजनेता भी लेकिन इस सड़क को देखकर लोग अनदेखी कर जाते हैं। यहां ठेकेदार, नेता और अधिकारियों के गठजोड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़कों को गड्ढामुक्त करने के फरमान की धज्जियां उड़ाकर रख दीं हैं। इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर को जोड़ने वाले इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन जिला मुख्यालय से तहसील मुख्यालय को जिम्मेदार अधिकारी गुजरते हैं लेकिन न तो किसी अधिकारी की नजर पड़ती है और न ही किसी जनप्रतिनिधि की जबकि लोग जान जोखिम उठाकर सफर करने को मजबूर हैं। इस संबंध में जब एसडीएम सदर गौरव रंजन से वार्तालाप की गई उन्हें बताया गया कि मुख्य मार्ग पर रामकोट कस्बे में बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं ई रिक्शा, मोटर साइकिल सवार, साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आज सुबह ई रिक्शा में सवार 2 साल का मासूम भी गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ है। गड्ढों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है तो उन्होंने बताया कि हम पता कराते हैं, कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद के युवा भाजपा नेताओ ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से की मुलाकात

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के युवा भाजपा नेता घनश्याम मिश्रा एवं रामेश्वर पांडे ने पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी के



साथ लखनऊ में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात किया। आपको बता दें कि पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी काफी समय से बीमार चल रहे थे अब वह फील्ड में उतरे हैं लखनऊ में नेताओं के बीच में यह पहला मौका है जब सतीश द्विवेदी बीमारी से उभर कर अपनी लय में लौटते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र



चौधरी से मुलाकात किया, साथ ही उनके साथ आए हुए घनश्याम मिश्रा एवं रामेश्वर पांडे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को प्रतीक चिन्ह एवं साल देकर स्वागत अभिनंदन भी किया। बेसिक शिक्षा मंत्री ने अपने जनपद की समस्याओं को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से वार्ता किया। घनश्याम मिश्रा मिश्रा ने अपने क्षेत्र खेसरहा एवं रामेश्वर पांडे ने अपने क्षेत्र उसका बाजार के जनता की समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को रूबरू कराते हुए सुविधाएं दिलाने की बात की घनश्याम मिश्रा ने कहा कि आज हर घर भारतीय जनता पार्टी के मतदाता है 2024 का लक्ष्य बनाकर पुनः नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया है।

# धूम धाम से मनाई गयी महर्षि बाल्मीकि की जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली बाराबंकी। महर्षि बाल्मीकि जयन्ती सचिन वाल्मीकि की अगुवाई में धूमधाम से मनायी गयी तथा महर्षि वाल्मीकि जी के



चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया गया। महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी संघ के स्थानीय अध्यक्ष सचिन वाल्मीकि ने कहा कि वाल्मीकि जी ने समाज को एक ही माला में पिरोने का काम किया है। उनके बताये हुए सन्देश आज हम सभी लोगो के लिए आदर्श है। उन्होंने वाल्मीकि समाज को संगठित होने की अपील करते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि के बताये हुए रास्ते पर चलकर ही समाज की उन्नति की जा सकती है। वाल्मीकि भक्तो द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया ।इस मौके पर सावित्री देवी, नीतू वाल्मीकि, मनीष वाल्मीकि, मनोज कुमार, शफीक, नियाजू, सतीश कुमार, पवन कुमार आदि लोगो वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया।

# लाखों के बजट से बना पशु चिकित्सालय खंडहर में तब्दील

## पशु चिकित्सक की तैनाती होने के बावजूद भी नहीं खुलता अस्पताल

हरदोई ।थाना क्षेत्र के बड़ागांव स्थित पशु चिकित्सालय का भवन पूरी तरीके से खंडहर में तब्दील हो चुका है ।जबकि यहां पर पशु चिकित्सक की तैनाती होने के बावजूद भी इसमें ताला ही लटकता रहता है। कटियारी क्षेत्र के बड़ागांव में सरकार के लाखों रुपए का बजट खर्च कर पशु चिकित्सालय का निर्माण कराया गया ।जिससे क्षेत्र के किसानों के पशुओ के इलाज की समुचित व्यवस्था हो सके। यहां पर पशु चिकित्सक सुशील कुमार की भी तैनाती है ।लेकिन वह अस्पताल आना मुनासिब नहीं समझते हैं ।जिससे ग्रामीणों ने पशु चिकित्सालय के भवन पर कब्जा कर लिया है। जहां पर अपने पशुओं एवं कृषि यंत्रो को रखकर पशु चिकित्सालय को भी सुशोभित कर दिया है। जब क्षेत्र के किसानों के पशुओं को किसी भी प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। तो उन्हें झोलाछाप पशु चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ता है। जब पशुओं को संचित इलाज नहीं मिल पाता है तो बड़ागांव से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरपालपुर के पशु चिकित्सालय में ले जाकर इलाज कराने पर मजबूर दिखाई दे रहे हैं। जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश में लम्पी वायरस के प्रकोप के बढ़ते चलते शासन ने नकाशा बाजार को भी बंद करवा दिया है। लेकिन यहां तो पशु चिकित्सालय तालाबंदी का शिकार दिखाई दे रहा है। जबकि पशु चिकित्सालय में चिकित्सक के रहने के लिए आवास का भी निर्माण कराया गया। देखरेख के अभाव में वह भी खंडहर में तब्दील हो गया है।

# चिह्नित किए गए 346 दिव्यांग विद्यार्थी

देवरिया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए जाने की तैयारी चल रही है। जुलाई व अगस्त माह में चले मेजरमेंट कैंप में कुल 346 दिव्यांगों को चिह्नित किया गया था। 10 अक्तूबर को रामपुर कारखाना बीआरसी व 11 अक्तूबर को पुरैना प्राथमिक विद्यालय पर शिविर लगाकर इन्हें श्रवण यंत्र, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कैलीपर, सीपी चेयर, रोलेटर, वाकिंग स्टिक, एल्बो क्रच आदि कुल 584 उपकरण दिए जाएंगे। बीते 30 जुलाई को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रामपुर कारखाना व एक अगस्त को सलेमपुर क्षेत्र के पुरैना प्राथमिक विद्यालय पर दिव्यांग विद्यार्थियों को उनके लिए सहायक सिद्ध होने वाले उपकरण देने के लिए चिह्नित करने का कार्य विशेषज्ञों ने किया था। उन्हें मौके पर ही टोकन भी प्रदान किया गया था। समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि रामपुर कारखाना बीआरसी पर कुल 212 लाभार्थियों में 348 उपकरण एवं सलेमपुर क्षेत्र के पुरैना प्राथमिक विद्यालय पर चिह्नित किए गए 134 लाभार्थियों में कुल 236 उपकरण शिविर लगाकर बांटे जाएंगे। उपकरण उन्हें ही दिया जाएगा, जिन्हें जुलाई व अगस्त माह में लगे शिविर में चिह्नित कर टोकन प्रदान किया गया था। ऐसे में अभिभावक टोकन लेकर अवश्य आएं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थी भी शिक्षित हो सकें और अपने को कमतर न आंके, इसी उद्देश्य से प्रति वर्ष ऐसे छात्र–छात्राओं को चिह्नित कर सहायक उपकरण दिए जाते हैं।

## नेपाल चुनावः वाहनों पर नहीं रहेगा प्रतिबंध

भैरहवां (नेपाल)। नेपाल में आगामी 20 नवंबर को होने वाले प्रतिनिधि सभा और राज्य विधानसभा चुनाव के दिन सार्वजनिक परिवहन का संचालन जारी रहेगा। इसके पहले सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रतिबंधित रहा करती थीं जिससे आम लोगों की आवाजाही में दिक्कत होती थी। लिहाजा चुनाव आयोग ने इस बार नरम रुख अख्तियार करते हुए इसमें ढील दी है। नेपाल चुनाव आयोग ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी है। पिछले चुनाव में अनुमति लेकर ही वाहनों के संचालन की अनुमति दी जाती रही है। चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार थपलियाल ने कहा कि भले ही परिवहन वाहन हमेशा की तरह नहीं चलेंगे, लेकिन परिवहन विभाग, गृह मंत्रालय के समन्वय से वाहनों को संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। आयोग ने यह फैसला इसलिए लिया, क्योंकि पिछले चुनावों में वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगने के बाद कई तरह की दिक्कतें पैदा हुई थीं।

## रिवाल्वर लगाए प्रधानाचार्य का वीडियो वायरल

घुघली। डीएवी नारंग इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्रीकिशुन सिंह का कमर में रिवाल्वर लगाकर विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों को निर्देश देते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो को महराजगंज के डीएम, एसपी समेत यूपी पुलिस को टैग कर ट्वीट करते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। प्रधानाचार्य श्रीकिशुन सिंह ने बताया कि मैं कभी कॉलेज में रिवाल्वर लेकर नहीं आया। वायरल वीडियो कब एवं कहां का है, इसके बारे में जानकारी नहीं है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि मामले की जांच के लिए सीओ सदर को निर्देशित किया गया है।

## राप्ती व रोहिन नदी का बढ़ा जलस्तर, चंदन छोड़ शेष में गिरावट

महराजगंज। जिले में भी बारिश नहीं हुई बावजूद इसके, दो नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रोहिन व राप्ती नदी का जलस्तर तुलना में बढ़ा पाया गया। चंदन नदी तरह स्थिर रही, शेष नदियों में गिरावट दर्ज की गई। महाव नाला भी घट कर तीन फीट पर बह रहा है। जिले की दोनों प्रमुख नदियों में जलस्तर के बढ़ने से जहां नदी के किनारे स्थित गांवों के लोग चिंतित हैं। वे अब बारिश न होने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। सिंचाई खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता राजीव कपिल के मुताबिक, बारिश नहीं हुई, बावजूद इसके रोहिन नदी में  तुलना में 0.18 मीटर तथा राप्ती नदी में 0.44 मीटर जलस्तर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के लिए बने 18 केंद्र, 8304 अभ्यर्थी पंजीकृत

महराजगंज। 15 व 16 अक्तूबर को जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के लिए इन केंद्रों में कुल 8304 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। केंद्र पर न्यूनतम 384 तथा अधिकतम 720 अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के आवंटित किया गया है। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 18 केंद्रों में परमेश्वर सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज में सर्वाधिक 720, कार्मल इंटर कालेज, डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय, जीएसवीएस इंटर कालेज, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कालेज धनेवा, जवाहर लाल नेहरु स्मारक पीजी कालेज,पंडित दीनदयाल इंटर कालेज, सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कालेज, शिवजपत सिंह जनता इंटर कालेज व सेंट जोसेफ इंटर कालेज में 480–480, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज व रामरेखा राय गंगा राय महिला महाविद्यालय में 432–432 तथा दिग्विजय नाथ इंटर कालेज, आईटीएम, लिटिल फ्लावर स्कूल, महराजगंज इंटर कालेज व सरदार पटेल बालिका इंटर कालेज में 384–384 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक केंद्र पर तैनात होंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेटः प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा के लिए जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक–एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रुप में जिले स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया है।

## विदेश भेजने के नाम पर एक लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

परतावल। विदेश में एसी मैकेनिक की अच्छी नौकरी की लालच देकर एक व्यक्ति ने एक लाख रुपये हड़प लिया। पीड़ित ने धमकी देने का आरोप लगाया। बड़हरा बरईपार निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद धोखाधड़ी, विश्वास का हनन, अपशब्द व जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पनियरा थाना क्षेत्र के मौलागंज निवासी पीड़ित औरंगजेब का आरोप है कि मेरे पुत्र को विदेश में एसी मैकेनिक की नौकरी दिलाने के लिए बड़हरा बरईपार निवासी साहेब अली ने उससे संपर्क किया तो वह उसके झांसे में आ गए। 12 जनवरी 2021 को पीड़ित ने आरोपी को 93 हजार नकदी दिया तथा 5500 रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिया। 17 फरवरी को आरोपी साहेब अली ने एसी मैकेनिक की जगह टूरिस्ट वीजा देकर मेरे बेटे को दुबई भेज दिया और कहा कि 15 दिन में एसी मैकेनिक का वीजा मिल जाएगा, लेकिन वहां कोई काम नहीं मिला। किसी तरह घर से 27 हजार रुपये भेजकर उसे वापस बुलाया। तभी से लेकर अब तक अपना पैसा मांगने पर साहेब अली आनाकानी करता रहा और अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष आनन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में आरोपी साहेब अली के खिलाफ धारा धोखाधड़ी समेत अन्य धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 81 करोड़ रुपये की लागत से तीन सौ सड़कों की होगी मरम्मत

देवरिया। लोक निर्माण विभाग की जर्जर सड़कों की मरम्मत 81 करोड़ 93 लाख रुपये से कराने का खाका तैयार कर लिया गया है। इन सड़कों पर एक अक्तूबर से कार्य भी शुरू होना था, लेकिन बारिश की वजह से देरी हो गई है। अब विभाग को बारिश के थमने का इंतजार है। इसमें 67 सड़कों की विशेष मरम्मत और 257 मार्गों के सामान्य मरम्मत पर खर्च किया जाएगा। 15 दिसंबर तक जिले की 324 सड़कों का मरम्मत होने का अफसर दावा कर रहे हैं। जिसकी लंबाई करीब तीन सौ किमी से ऊपर है। बारिश होने के कारण जर्जर सड़कों पर पानी लगने से राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं काफी समय से लोक निर्माण विभाग के पास बजट की कमी थी। जिसके चलते सड़कों का मरम्मत रुका हुआ था। लोक निर्माण ने एनएच मार्ग सहित अन्य मार्गों के मरम्मत का खाका तैयार किया है। इन सड़कों में नूनखार बैकुंठपुर मार्ग, बलुआ संपर्क मार्ग, छठियांव मार्ग, फतेहपुर–इमिलिया, कुरमौठा मार्ग, सेमरौना से नकईल संपर्क मार्ग, पचरुखा, बैदा, सरांव, एकौना संपर्क मार्ग, पकड़ी बंगरा, मिश्रौली मार्ग से बहोर टीकमपार मार्ग, रुच्चापार संपर्क मार्ग, महेन, लवकनी से गंगा सतरांव संपर्क मार्ग, बेहली से उधोपुर, सिरजम खास संपर्क मार्ग, खोरीबारी ग्राम से महुराव, महेन संपर्क मार्ग, देवरिया बरहज किलोमीटर 17 से करोहिया होते हुए देवरिया बेलडाड़ संपर्क मार्ग, देवरिया बेलडाड़ किलोमीटर 17 से करजहां संपर्क मार्ग, छितौनी संपर्क मार्ग, भरहे चौरा सवरेजी संपर्क मार्ग, भटनी भिंगारी मार्ग से रायबारी संपर्क मार्ग, बीआरडीपीजी कॉलेज से मेहडपुरवां में भरटोली होते हुए मलिन बस्ती संपर्क मार्ग, सहित कुल 67 मार्ग के 169.48 किमी सड़क का 36 करोड़ की लागत से विशेष मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा पचरुखा बैदा सरांव एकौना मार्ग, पडरी झिल्लीपार संपर्क मार्ग, पचोहिया से हरपुर नहर की पटरी मार्ग, एसएनजीडीबी मार्गपेट्रोल पंप के सामने से पथरहठ संपर्क मार्ग, भिस्वा– बनकटिया संपर्क मार्ग, भटोली चौराहा से मझना नाला तक संपर्क मार्ग, वन संपर्क मार्ग, बड़का देवतहा मार्ग, करमहा हरपुर संपर्क मार्ग, वकीलगंज सिरसिया करज रामपुर गौनरिया मार्ग, चौहान बस्ती मार्ग, रुद्रपुर से कपरवार–कुसुमहा मार्ग, रुद्रपुर कपरवार से देवकली जयराम संपर्क मार्ग, रुद्रपुर–नारायनपुर तीन किलोमीटर से सोनबरसा पाण्डेय, पचरुखा से माझा नारायनपुर मार्ग, दीनापुर से करौदी मार्ग, मदनपुर से गायघाट होते हुए नकईल तक संपर्क मार्ग, करौदी, सरौरा, सिधुआ संपर्क मार्ग सहित 257 मार्गों के 408.91 किलोमीटर सड़क की 43.99 करोड़ की लागत से सामान्य मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

जबकि राष्ट्रीय राजमार्गों को गड्ढा मुक्ति अभियान के तहत एनएच 227–ए बड़हलगंज– कपरवारघाट –बरहज– बरेजी– मेहरौना बिहार बॉर्डर तक मार्ग के 151 किलोमीटर से 159 तथा 187 से 191 किलोमीटर सड़क की मरम्मत होगी। एनएच 727बी तमकुहीराज–भाटपाररानी– सलेमपुर मार्ग के 48 से 52 किलोमीटर के मध्य गड्ढा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। एनएच 727ए सलेमपुर–मैरवा मार्ग के 188 से 194 किलोमीटर तक मरम्मत कार्य किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया जीआईसी का स्थापना दिवस

देवरिया। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज का 111वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सुबह में प्रभातफेरी एवं घोड़ों से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली गई। विद्यार्थियों के हाथों में बैनर, होर्डिंग्स कॉलेज के ऐतिहासिकता व गौरव को दर्शा रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो कोतवाली, रेलवे स्टेशन रोड, तहसील, मालवीय रोड, सुभाष चौक, कचहरी चौक, जलकल रोड, गुरुद्वारा पार्क रोड होते हुए वापस विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। यात्रा में झांकी एवं मिशन शक्ति, संचारी रोग, पर्यावरण, जल व ऊर्जा संरक्षण एवं मतदान के प्रति जागरुकता से संबंधित स्लोगन आकर्षक रहे। इसके पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. विनोद कुमार राय एवं प्रधानाचार्य पीके शर्मा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद कॉलेज में विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो पूरे दिन चला। इसमें वाद–विवाद में हिमांशु गुप्ता प्रथम व रितेश गुप्ता द्वितीय रहे। रंगोली जूनियर वर्ग में काजल खरवार, नव्या पाठक, आलिया परवीन, दिव्यानी वर्मा की टीम प्रथम, नैंसी मिश्रा, भूमि तिवारी, खुशी वर्मा, प्रियंका यादव, दीक्षा सिंह की टीम दूसरे व रिंकी प्रजापति, अनुष्का मिश्रा, एहतेशाम अली, साहिल जायसवाल की टीम तीसरे स्थान पर रही। श्रुत लेखन हिंदी में आनंद गुप्ता, उत्कर्ष मिश्रा, अविरल पांडेय, श्रुत लेखन अंग्रेजी में सुभांगी सिंह, अविरल पांडेय, शिवांगी विश्वकर्मा, पोस्टर प्रतियोगिता में निखिल मद्घेशिया, सुभांगी सिंह, रिया राय क्रमशरू पहले तीन स्थानों पर रहे। इस दौरान असीम चौधरी, गोविंद सिंह, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, रमेश सिंह, देवेंद्र कुमार मौर्य, शैलेंद्र उपाध्याय, परशुराम शर्मा, संध्या मिश्रा, नीलू जायसवाल, शिप्रा गुप्ता आदि शिक्षक मौजूद रहे। अपने ही कॉलेज के स्थापना दिवस से गायब रहे उप प्रधानाचार्यः जीआईसी के उप प्रधानाचार्य महेंद्र प्रसाद पूरे कार्यक्रम के दौरान नहीं दिखे। अपने ही विद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य का गायब रहना शिक्षकों व विद्यार्थियों में चर्चा का विषय बना रहा। वर्तमान में वह प्रभारी एडीआईओएस का कार्य देख रहे हैं। प्रधानाचार्य पीके शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस के बारे में उन्हें भी सूचना दी गई थी। उधर, डीआईओएस डॉ. विनोद कुमार राय ने बताया कि एडीआईओएस व विभाग के एक बाबू प्रयागराज विभागीय कार्य से गए थे। थके होने से वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

# निकाय चुनाव के लिए साफ–सुथरी मतदाता सूची बनाएं बीएलओ : एडीएम

महराजगंज। निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए नगरीय क्षेत्र के बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) साफ–सुथरी मतदाता सूची बनाएं। मानक को ध्यान में रखते हुए नए मतदाता बनाए जाएं तथा नाम को हटाने व संशोधित करने का कार्य किया जाए। ये निर्देश अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित निकाय क्षेत्र के बूथ लेवल अफसर की बैठक में दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ ऐसे युवाओं को चिह्नित कर मतदाता बनाने का कार्य करें जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है। मृतकों के नाम को मतदाता सूची से हटा दिया जाए। यदि किसी के नाम में कोई संशोधन है तो उनसे प्रमाण लेते हुए उसे भी करा दिया जाए। जिन मतदाताओं के पहचान पत्र आधार कार्ड से नहीं जुड़े हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए नगरीय क्षेत्र से जुड़े जिम्मेदार भी अपने कार्यों को समय से पूरा कर लें, इसमें कहीं से भी शिथिलता न बरती जाए। इस दौरान तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव, निर्वाचन कार्यालय के प्रभारी धनंजय कुमार दुबे, नगर पालिका से मोहम्मद शमीम समेत नगरीय क्षेत्र के बीएलओ के रूप में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचारी रोग से बचाव की दिशा में की जाए पहलः जिले के सभी निकायों में संचारी रोग से बचाव की दिशा में प्रभावी पहल की जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। यदि कहीं भी शिथिलता की बात सामने आई तो संबंधित व्यक्तियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

## नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

परसा मलिक। स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस ने .देर रात में नशीले पदार्थ के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत कोहरगड्डी टोला छितवनिया के पास नशीला इंजेक्शन लेकर ईश मोहम्मद निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द निवासी थाना ठूठीबारी, राजेश उर्फ राजेश्वरी निवासी थाना परसा मलिक व दुर्गेश कुमार निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द जा रहे थे। इनको गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

## मोबाइल एवं नकदी लेकर चोर फरार

लक्ष्मीपुर। ग्राम पंचायत लालपुर कल्यानपुर टोला कोल्हुआ ऊर्फ सिंघोरवा निवासी मुन्नू मिश्र ने पुरंदरपुर थाने में तहरीर देकर चोरी का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार रात्रि में कमरा खोलकर चोर दो मोबाइल व नकदी, बैग, कपड़ा चुरा ले गए। थाना प्रभारी सतेंद्र राय ने बताया कि चोरी संदिग्ध लग रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सजे राम दरबार के सम्मुख बाल्मीकि रामायण का पाठ हुआ

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां/महराजगंज। पूरे प्रदेश में मनाई जा रही बाल्मिकी जयन्ती की







धूम नौतनवा नगर की सिद्ध पीठ माँ0 काली मन्दिर प्रांगड़ में भी देखने को मिली जहाँ नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने मन्दिर प्रांगड़ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि बाल्मीकि, रामभक्त हनुमान व राम दरबार सजाया और पूरे विधि विधान के साथ बाल्मीकि रामायण पाठ का पुजारी पं0 अमित त्रिपाठी व पं0 शुभम पाठक के मुखार विंदु से उद्बोधन कराया।कार्यक्रम में यजमान के रूप में उपजिलाधिकारी नौतनवा दिनेश मिश्रा ,ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया और अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सरोज ने माँ की आरती उतार पूजा में सम्मलित हुए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौतनवा ने बताया कि ष्शासन की मंशा अनुरूप आज पूरे विधि विधान के साथ बाल्मीकि रामायण का पाठ संम्पन्न हुआ।ब्लाक प्रमुख ने बताया कि ष्ऐसे आयोजन से मन शांत व स्वच्छ विचारों का प्रवाह होता है।पालिका अध्यक्ष ने बताया कि ष्इस तरह के आयोजन हर वर्ष होना चाहिए जिससे पूरा नगर स्वच्छ व पवित्र होता है और यहाँ निवास करने वालो के मन मे अच्छे विचार उत्तपन्न होते है।इस अवसर पर नौतनवा इंस्पेक्टर सुनील कुमार राय, शाहनवाज खान,अशोक कुमार, भानू कुमार, दिलीप पाण्डेय, रमाशंकर सिंह,प्रमोद पाठक, संतोष श्रीवा0,रविकांत वर्मा, धीरेन्द्र सागर, राजेश व्यायड, सत्य प्रकाश, वीरेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र कुमार,रामकरन यादव,श्रवण कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाईश मनाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाईश पूरे क्षेत्र





मे अकीदत के साथ मनाया गया। जश्न–ए–ईद मिलादुन नबी के अवसर पर जुलुसे मोहम्मदी अन्जुमन इस्लामिया मदरसा शीरतुन नबी से निकला जो डाकबंगला,मंगल बाजार,अकबर नगर,सर्राफा मार्केट,राजेंद्रनगर,बाले मियां का मैदान,रोडवेज चोराहा,राप्ती पुल होते हुए नरकटहा मे स्थित इमामबाड़ा वाली मस्जिद पर पहुचा जहां पूरे आलम की सलामती,सुख ,शांति व सौहार्द्र की दुआ के बाद समाप्त हुआ। जुलुसे मोहम्मदी मे पूर्व विधायक लाल जी यादव,नपा अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी,मोनू दूबे,खुर्शीद खान,मो हारुन,अबरार हुसेन,इजहार खान,इमरान सिद्दिकी,जावेद अंसारी,मौलाना निजामुद्दीन नरी,मौलाना मुस्तकीम,मो नसीर,अब्बास खान,साहब खान सहित काफी संख्या मे लोग शामिल थे।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये जुलुस के साथ भारी पुलिस बल तैनात रही।

## बच्चो को लेकर जमकर मारपीट

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया। क्षेत्र चौराहे पर को सुबह की घटना जिसमें 4लोग बुरी तरह



से घायल हो गए  लैट्रिंग फैकने के विवाद को लेकर दो पटीदारो में जमकर कर मारपीट हो गया जिसमे 4 लोग घायल हो गए गांव ने फोन पर सूचना  मिलने पर हम अपने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों सबसे पहले पक्षों को लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल एम्बुलेन्स से पहुंचाया गया  जहां पर प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों पक्ष उपस्थित थाना मे लाकर जिस पर  घायल मे पहला पक्ष प्रीति उम्र 19 वर्ष सुमन 30 वर्ष,सन्दीप 26,वही दुसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए इरावती उम्र 45 वर्ष  ,गणेश उम्र 15वर्ष ,ओमप्रकाश उम्र 35 वर्ष ,सुभाष उम्र 19 वर्ष ,ज्योति उम्र 25 वर्ष ,गुडिया उम्र 19 मंजू उम्र 45 वर्ष ,विकास 41वर्ष है जोगिया उदयपुर  के लिखित तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 175ध्22 धारा 323, 504,506, 307,452 आईसीसी व प्रीति सहानी पुत्री केवल साकिन जोगिया उदयपुर तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 176ध्22 धारा 452,323, 354ख् 307 आईपीसी थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम करवाया गया और कि दोनों को इलाज के बाद थाने पर लाया गया है दोनों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया गया आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सुविधा शुल्क न मिलने पर सिपाही आग बबूला, सुलहनामा फाड़कर प्रधान से की अभद्रता

सिधौली (सीतापुर)। एक सिपाही द्वारा पूर्व प्रधान को सुलह समझौते में मनमाफिक रिश्वत न मिलने से अपमानित करने व सुलह का कागज फाड़कर फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व प्रधान ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से लिखित ऑनलाइन शिकायत की है। थाना रामपुर कला क्षेत्र के ग्राम कबरा के पूर्व प्रधान मोहम्मद वशी के पुत्र मोहम्मद जाहिद व कलुवापुर थाना महमूदाबाद निवासी उमर पुत्र शरीफ के बीच पैसों का कुछ लेनदेन था। जिसकी उमर के द्वारा थाना रामपुर कला में तहरीर दी गई थी। आरोप है हल्का न. 4 के सिपाही ऋषि देव तिवारी पूर्व प्रधान मो. वशी की दुकान पर गए और दोनों के बीच लेन देन का मामला सुलझाने। सिपाही ऋषिदेव तिवारी ने 2000 रू अपने खर्चे को मांगे। जिसमें पूर्व प्रधान के पास 500 रूपये ही थे जो सिपाही को दे दिए। बताते हैं कि इतने में ही सिपाही ऋषि देव आग बबूला हो गया और पैसे फेंक दिए और उसके बाद सुलहनामा फाड़कर पूर्व प्रधान के ऊपर फेंक दिया। पीड़ित द्वारा गालियां देने का भी आरोप लगाया गया है। पूर्व प्रधान द्वारा उच्चाधिकारियों को ऑनलाइन शिकायत करते हुए न्याय की मांग की गई है।

# जुलूस–ए–मोहम्मदी तिरंगा झंडा के साथ पूरी शान ओ शौकत के साथ निकाला गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली बाराबंकी। रविवार को जश्ने ईद मीलाद–उन–नबी के मुकद्दस मौके पर क्षेत्र में जुलूस–ए–मोहम्मदी तिरंगा झंडा के साथ पूरी शान ओ शौकत के साथ निकाला गया। सरकार की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा से पूरा इलाका अकीदत में डूब गया। जुलुस के दौरन शांति बनाये रखने के उद्देश्य से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल0) की यौमे पैदाइश जश्ने ईद मिलाद–उन–नबी के मुकद्दस मौके पर कस्बा मसौली स्थित मदरसा इस्माइलिया,मदरसा वारसिया नूरुल उलूम कटरा मसौली, अंजुमन गुलाम ए मुस्तफा बड़ागाँव, बांसा, सआदतगंज ,अनुपगंज, त्रिलोकपूर, शहाबपुर, नैनामऊ, सैदनपुर, रसौली, रामपुर कटरा सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में बारावफात के मौके पर शनिवार की रात्रि रोशनी की गई तथा घरो को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। रात्रि भर जगह जगह कुरान ख्वानी एव मिलाद का आयोजन किया गया। तथा मिठाइयों का वितरण किया गया। कस्बा बड़ागांव में अंजुमन गुलम्माने मुस्तफा के तत्वावधान में बड़ी चौक से तिरंगे के साथ झंडा जुलूस निकाला गया जिसमे हाफिज जमील अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, रज्जब अली, हाफिज मेराज कुरैशी, हाफिज तौफीक अहमद, मतीन अंसारी, कस्बा बांसा शरीफ स्थित हजरत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक (शाह0) के आस्ताने से रज्जाकिया उजाले हिन्द, रज्जाकिया कमेटी, अंजुमन गुलामाने रज्जाकिया, गुलशने रजा,अंजुमन आशिकाने रसूल सहित अन्य अंजुमनों एव मदरसो द्वारा तिरंगा झण्डे के साथ जुलुस निकाला गया। जुलुस में मौलाना अहमद अली, उमर कादिरी, शिब्ली मियाँ, कामिल अली, नदीम, मो0 आरिफ सहित भारी संख्या में शामिल लोग सरकार की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा के नारे लगा रहे थे।कस्बा मसौली स्थित मदरसा इस्माइलिया से हजरत सैय्यद गुलजार शाह वास्ती इस्माइली बिलग्रामी, सैय्यद हस्सान वास्ती इस्माइली बिलग्रामी की अगुवाई में निकाला बड़ीचौक पर मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी गयी। इसी क्रम में मदरसा वारसिया नूरुल उलूम से कारी वारिस अली, हाफिज नियाज, मास्टर अकील, मो0 सलमान की अगुवाई में सादगी के साथ जुलुस ए मोहम्मदी निकाला गया इसके अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्र में जुलुस मोहम्मदी बड़े ही एहतिमाम एव सादगी से निकाला गया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक शिवनरायन सिंह, कस्बा प्रभारी सुधीर कुमार यादव, उपनिरीक्षक मुन्ना कुमार, उपनिरीक्षक विपिन सिंह राठौर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



# ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर रोशनी व जुलूस निकाला गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। करोना कॉल के 2 वर्षों के बाद विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जुलूस ए मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला गया। आठ अक्टूबर दिन शनिवार को शहर के विभिन्न जगहों पर ईद मिलादुन्नबी ष्शुभ जन्मदिनष्के अवसर पर शाम से रात भर रोशनी जलसा ए ईद मिलादउन नबी जगह जगह पर लंगर व सबील चलती रही। दूसरे दिन 9 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1.30 पर बाद नमाज जोहर स्थान फजलुर रहमान पार्क से एक जुलूस ए परचमे मोहम्मदी (स०त०अ०व०) तिलावते कलाम पाक से शुरुआत करके हाजी शौकत अंसारी जी और सैयद हबीब मियां जी की सदारत में हरी झंडी दिखाकर जुलूस का आगाज किया गया जो नाला ,पुलिस चौकी, घंटाघर ,होता हुआ धनोकर चौराहा पहुंचने पर जुलूस को कुछ देर रोक कर आलिम हजरात व कारी हजरात द्वारा आप सल्ला वसल्लम द्वारा दी गई व शिक्षाओं पर प्रकाश डाला जिस की निजामत मौलाना कलीम साहब ने तिलावते कलाम पाक से की और अपने बयान में कारी अजीम मसायखी जी ने बताया है कि 12 रबी उल अव्वल शरीफ दिन दोसम्बा शुब सादिक के वक्त 20 अप्रैल 571 ईसवी को अल्लाह ने इंसानियत पे बहुत बड़ा एहसान फरमाया कि इस तारीख में हमारे प्यारे नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैही वसल्लम को इस रूहे जमी पर भेजा सरकार की आमद इंसानियत के लिए बहुत बड़ा तोहफा है इसलिए कि आपने गरीबों यतीमो मजलूमों बेवाओं की मदद करने का सबक सिखाया है!हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो तआला अलैही वसल्लम ने यही वह पैगाम दिया है जो हमारे आका ने फरमाया है की हमारे दरबार में ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है ना कोई काला है ना कोई गोरा है ना कोई अपना है और ना कोई पराया है जो सरकार से मोहब्बत करें वह सरकार का है इस मौके पर बज्म ए रहमत कमेटी के सदस्यों ने अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ जुलूसए परचमें मोहम्मदी ( स०त०अ०व०) को सफलतापूर्वक निबलेट तिराहा बेगमगंज से जान तारा बिल्डिंग मुडता हुआ छाया चौराहा राजकमल रोड पीरबटावन होता हुआ फजलुर रहमान पार्क में पहुंचने के बाद दुआएं व सलातो सलाम के साथ समापन हुआ इस मौके पर कमेटी के सभी सदस्यों मुख्य रूप से कार्यवाहक अध्यक्ष कारी अजीम मसायखी, कार्यवाहक अध्यक्ष शरीफुल हक उर्फ जफर अंसारी, सचिव एडवोकेट अब्दुल हक, अध्यक्ष हाफिज इशरत अली अंसारी, सैयद हबीब मियां,ताज बाबा राईन सभासद, आसिफ सभासद, एडवोकेट अख्तर वारिस, मैनुद्दीन अंसारी, हमीदुल्लाह वारसी, सिद्दीक चौधरी, शकील सलमानी जावेद राईन, हफीज सलमानी, मोहम्मद सईद इमरान कुरेशी, गुलफाम कुरेशी मोहसिन किदवाई,जुनेद अंसारी, गुफरान अहमद, सलमान उर्फ सल्लू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




# दुद्धी में 28 अक्टूबर को होगा गोबर्धन पूजा का आयोजन

## यादव सभा की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत टाउन क्लब दुद्धी के



खेल मैदान में हर वर्ष की भांति इसवर्ष भी गोबर्धन पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा। जे पी इंटरनेशनल होटल दुद्धी में यादव सभा की बैठक आहूत किया गया। जिसमे यादव सभा का संगठन तैयार करने व गोबर्धन पूजा के शुभ अवसर पर किया जाने वाला ऐतिहासिक पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य रूप से सम्पन्न कराने पर विचार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जगदीश प्रसाद यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य विंढमगंज रामेश्वर राय क्रय विक्रय दुद्धी दिनेश कुमार यादव प्रधान संघ अध्यक्ष दुद्धी हरिशंकर यादव पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष दुद्धी अवधनारायण यादव पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सपा परमेश्वर यादव लैम्पस सचिव बुद्धिनारायन यादव दिनेश यादव ग्राम प्रधान फुलवार त्रिभुवन यादव ग्राम प्रधान गुलालझारिया हरिहर यादव जगतनारायण यादव रामविचार यादव दसई यादव सूर्यमणि यादव इंद्रदेव यादव मंजय यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# शरद चंद्रिकोत्सव की रजत जयंती का आयोजन आज

## कलाकारों का महाकुंभ होगा शक्तिनगर में

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र–शक्ति संगीत कला परिषद शक्तिनगर सोनभद्र द्वारा मानव संसाधन अनुभाग एनटीपीसी एवं नार्दन कोलफील्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से शरद पूर्णिमा 9 अक्टूबर 2022 दिन रविवार रात्रि 8रू00 बजे शक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर, विद्युत बिहार कॉलोनी, एनटीपीसी शक्तिनगर में शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजक संस्थान के संस्थापक सत्य नारायण पांडे (दाढ़ी बाबा) बताया कि–ष् इस कार्यक्रम की प्रेरणा मुझे संकट मोचन संगीत समारोह वाराणसी से मिली और सन 1995 में विधिवत इस कार्यक्रम की शुरुआत वाराणसी के प्रख्यात शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खा की शहनाई वादन से हुई थी। सन 1996 से प्रत्येक शरद पूर्णिमा के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, आयोजन के 25 वर्षों में पंडित राजन– साजन मिश्र, पंडित जसराज, पंडित शिवकुमार शर्मा, गिरजा देवी, पंडित छन्नूलाल मिश्र, किशन महाराज, पंडित वीजी जोग, उस्ताद शाहिद परवेज, उस्ताद शराफत अली, पंडित अजय कुकर, शोभना नारायण सहित देश के नामी–गिरामी संगीतकार, नर्तक, वादक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर चुके हैं। इस बार रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में गायन– गौतम कॉले इंदौर, मध्य प्रदेश,(संगत) अंशुल प्रताप सिंह (तबला) इंदौर, पंडित धर्मनाथ मिश्र (हारमोनियम) वाराणसी, सितार जुगलबंदी– पदमश्री पंडित शिवनाथ मिश्र एवं देवव्रत मिश्र, (वादन संगत) कृष्णा मिश्रा (सितार) वाराणसी, प्रशांत मिश्र (तबला) वाराणसी, (कथक नृत्य) सुलगना बनर्जी (कोलकाता) दीनानाथ मिश्र (तबला वादक) नीरज मिश्रा (सितार) वाराणसी, गायन–पंडित धर्मनाथ मिश्रा वाराणसी, दीनानाथ मिश्रा (तबला वादक) नीरज मिश्रा (सितार) वाराणसी होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोला सिंह (सह प्रबंधक नार्दन कोलफील्ड्स सिंगरौली) अध्यक्ष वसुराज गोस्वामी (मुख्य महाप्रबंधक) एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर, विशिष्ट अतिथि रामायण कल्चर मैपिंग योजना डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के नामित सदस्य दीपक कुमार केसरवानी होंगे। आयोजन समिति के अशोक कुमार दुबे (अध्यक्ष ) आलोक त्रिपाठी, सत्यनारायण बंसल, अजीत तिवारी,(उपाध्यक्ष) चंद्रशेखर जोशी (सचिव) एस के सिंह (व्यवस्थापक) विदुषी परिहार (कार्यक्रम संयोजक) उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम का समापन आरती एवं खीर हां वितरण के साथ होगा।

# धूम धाम से ईद मिलादुन्नबी बारावफात का निकला जुलूस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। करमा थानाक्षेत्र अंतर्गत मस्जिद परिसर से



मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा ईद ए मिलादुन्नबी वरावफात का जुलूस साज सज्जा बैंडबाजों व डीजे बाजे के साथ निकाला गया।इस दौरान मुस्लिम भाई नये परिधान में काफी हर्षित मन से पूरे एहतराम के साथ त्योहार को मनाते नजर आए। इस दौरान जगह जगह जलूस में सरीख हुए लोगो को मीठा, फल,पानी का भी इंतेजाम देखा गया पांपी प्रधान नागेन्द्र मौर्य जुलूस में शरीक हुए लोगों को फल मीठा का उपहार भेंट किया गया।जुलस 8 मस्जिद से निकल पूरे कस्बे के भ्रमण करते हुए पुनः मस्जिद पर पहुंच कर सभा के रूप में प्रवर्तित हो गया। मुस्लिम भाइयों को संबोधित करते हुए मस्जिद के ईमाम ने कहा कि ईद–ए–मिलाद उन नबी को बारावफात के नाम से भी जाना जाता है. । बारी महेवा निवासी अब्दुल जब्बार खान ने बताया कि बारह रबी–उल–अव्वल की तारीख में होने वाला यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए काफी ज्यादा महत्व रखने वाला होता है श्री खान ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में इस दिन उनके सम्मान में जुलूस निकाला जाता है,जगह–जगह बड़े आयोजन भी किए जाते हैं।इस दौरान मेराज,जमालुद्दीन, सेराज अहमद, निहालुदिन,साहेब जान,मुस्तकीम अहमद सहित आदि भारी संख्या में जगह जगह मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।वही सुरक्षा के दृष्टि से करमा थानाध्यक्ष राजेश सिंह अपने दल बल के साथ पेट्रोलिंग करते दिखे। मस्जिदों पर पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# अबैध शराब लदी ट्रक पलटी,छिपा के रखी थी शराब

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा / सोनभद्र ।करमा थाना क्षेत्र के भरु हा गांव के समीप विगत 3 दिन पूर्व से हिंदूवारी मिर्जापुर मुख्य मार्ग पर अवैध लदी शराब की ट्रक पलट गई थी।दो दिन तक किसी की जानकारी मेंनही था।रात में किसी को शराब होने की भनक लगी तो रविवार को सुबह करमा थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह को सु चना दी गयी सूचना पाते ही थानाध्यक्ष ने मय फोर्स मौके पर पहुंचकर ट्रक से शराब उतरवाकर करमा थाने ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र के रावर्ट्सगंज मिर्जापुर राजमार्ग पर भरु हा गांव के समीप बीते शुक्रवार को ही एक शराब की बोतल लेकर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गयीं ट्रक मोटी त्रिपाल से चारो तरफ से बंद थी जिसके कारण किसी को जानकारी नही हो पा रही थी। रविवार को किसी तरह गाड़ी में शराब होनेकी सु चना ग्रामीणों को हुईतो ग्रामीणों ने करमा थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह को जानकारी दिए सूचना पाते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर ट्रक से त्रिपाल हटाकर देखे तो ट्रक के अंदर ऊपर नीचे अगल बगल चारो तरफ लकड़ी के बुरादे की बोरी लदी थी बीच मे शराब कि बोटले रखी गयी थी।उपरोक्त जानकारी देते हुए थाना ध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि गाड़ी कहा से कहा जा रही थी अभी जानकारी नही हो पाई हैक्योकि मौके पर ट्रक के पास कोई नही मिला।अभी शराब को करमा ले जा रहे है गडना के बाद ही कीमत का सही पता हो पायेगा।



# म्योरपुर में मुस्लिम समुदाय द्वारा धूमधाम से निकाला गया वरावफात का जुलूस



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र / म्योरपुर ।रविवार को स्थानीय जामा मस्जिद परिसर से मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा ईद मिलाद उन–नबी वरावफात का जुलूस बड़े ही धूमधाम से निकाला गया। मुस्लिम बन्धुओ ने काफी जोर–शोर और पूरे एहतराम के साथ इस त्यौहार को मनाया ।जुलूस के दौरान जुलूस में सरीख हुए लोगो को जगह– जगह मीठा, फल,पानी का भी इंतजाम देखा गया ।जलूस मस्जिद से निकल पूरे कस्बा भ्रमण करते हुए पुनः मस्जिद पर पहुच एक सभा मे प्रवर्तित हो गया ।मुस्लिम बन्धुओ को संबोधित करते हुए मस्जिद के हाफी हजरत मेराज ने कहा कि ईद–ए–मिलाद को बारावफात के नाम से भी जाना जाता है ।आपको बता दें 12 रबी–उल–अव्वल की तारीख में होने वाला यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए काफी ज्यादा महत्व रखने वाला है उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में इस दिन उनके सम्मान में जुलूस निकाला जाता है और जगह–जगह बड़े आयोजन भी किए जाते हैं ।इस दौरान म्योरपुर सदर मुहम्मद अयूब अली,इरफान अहमद,मोशिम,छोटन, नशिम,सलमान,सफीक,नजीर हुसैन,वकील,पीटर, आदि भारी संख्या के मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे ।वही सुरक्षा की दृष्टि से म्योरपुर प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह,लीलासी चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार पांडेय,हेड कांस्टेबल नागेन्द्र सिंह,मु.अहमद सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# कपड़ों की ऑनलाइन खरीदारी के समय इन पांच बातों का रखें ध्यान, होगा बड़ा फायदा



कपड़ों की ऑनलाइन शॉपिंग के कई फायदे हैं। इसमें आपको मनचाही कीमतों पर कपड़ों की बड़ी रेंज मिलने के साथ आपका कीमती समय भी बचाता है। इसी तरह आपके पसंदीदा स्टोर उंगलियों पर होते हैं और डिस्काउंट के साथ कई ऑफर भी मिलते हैं। हालांकि, कई बार इससे जुड़ी कुछ परेशानियां भी आती है, लेकिन चिंता की बात नही हैं। आज हम पांच ऐसी बातें बताएंगे, जिनकी मदद से आप ऑनलाइन शॉपिंग में होने वाली परेशानियों से बच सकते हैं।

अपनी माप का ध्यान रखना है जरूरी

जब आप स्टोर में जाकर कपड़ो की खरीदारी करते हैं तो आपके पास ड्रेसिंग रूम में जाकर उन्हें ट्राई करने का विकल्प होता है, लेकिन ऑनलाइन शॉपिंग में ऐसा संभव नहीं है। वहीं, ऑनलाइन शॉपिंग में सबसे बड़ी परेशानी माप को लेकर होती है, क्योंकि हर एक ब्रांड के कपड़ो का माप अलग होता है। इसलिए ऑनलाइन कोई भी आउटफिट खरीदते समय उसके माप पर खास ध्यान दें और अपनी फिटिंग के अनुसार ही खीदारी करें। रिव्यू पढ़कर करें निर्णयः अममून वेबसाइट पर दिखाई जाने वाली तस्वीरों से उनमें मौजूद खामियों का पता लगाना मुश्किल होता है। जबकि, इन दिनों कुछ ऑनलाइन कपड़ों में कुछ न कुछ खराबी सामने आ रही है। ऐसे में जरूरी है कि आप जो भी कपड़े खरीदने का मन बना रहे हैं उससे जुड़े रिव्यू जरूर पढ़ लें। इससे आप कपड़े की सही स्थिति जान पाएंगे और ब्लैक मार्केटिंग से भी बच सकेंगे।

सही फैब्रिक का चयन करें

कपड़े की ऑनलाइन खरीदारी करते समय उनके फैब्रिक पर ध्यान देना बेहद जरूरी है, क्योंकि इसका फैब्रिक उनकी शेल्फ लाइफ ही नहीं बल्कि लुक पर भी प्रभाव डालता है। अगर आप कपड़े के जरिए खुद को खास अवसरों पर अलग लुक देना चाहते हैं तो ऐसे में साटन, जेकक्वार्ड और वेलवेट का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं, अगर आप एक लॉन्ग लास्टिंग कपड़े की तलाश में हैं तो आपके लिए सिल्क, पॉलिएस्टर और कॉटन विकल्प बेहतर होगा।

फिल्टर्स की मदद से खरीदारी करना होगा आसानः आजकल ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट्स पर विभिन्न आउटफिट कैटेगेरी के साथ–साथ फिलटर्स भी उपलब्ध होते हैं। इनकी मदद से आपके लिए अपनी पसंद और जरूरत अनुसार कपड़े खरीदना आसान हो सकता है। इन फिल्टर्स में साइज, रंग, ब्रांड, कीमत, डिस्काउंट, रेटिंग और डिलीवरी टाइम के साथ कई विकल्प मिलते हैं। इन चीजों को सलेक्ट करने से आपके लिए ऑनलाइन कपड़े खरीदना बहुत आसान हो जाएगा।

रिटर्न पॉलिसी पर भी ध्यान देना है जरूरीः कई बार लोग ऑनलाइन कपड़े खरीद तो लेते हैं, लेकिन जब वह उनके हाथ में आते हैं तो यह महसूस होता है कि यह वैसा नहीं है, जैसे कि उन्होंने सोचा था। ऐसे में अगर किसी कपड़े पर नो रिटर्न पॉलिसी होगी तो आपके पैसे यूं ही बर्बाद हो जाएंगे। इसलिए रिटर्न पॉलिसी के साथ–साथ एक्सचेंज और डिलीवरी टाइम आदि चीजें भी जरूर देखें। इससे आपको अच्छे कपड़े मिलने के साथ पैसे बर्बाद होने का खतरा भी कम हो जाएगा।

## मोनालिसा ने शर्ट के बटन खोलकर फिर बलखाती कमर में दिखाया अपने हुस्न का जलवा

भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस मोनालिसा की हॉटनेस और कातिलाना अंदाज किसी को भी अपना दीवाना बना ले। वहीं, एक्ट्रेस अपनी सादगी या फिर बोल्डनेस से फैंस के दिलों




पर बिजलियां गिरा ही देती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। मोनालिसा ने ब्लैक ब्रा और ऊपर से ओपन लूज शर्ट कैरी कर रखी हैं। इस आउटफिट में एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। साथ ही कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं। भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार मोनालिसा अच्छी तरह जानती हैं कि उन्हें फैंस को किस तरह रिझाना है। टीवी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी स्टनिंग लुक्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। अंतरा बिश्वास उर्फ मोनालिसा का जन्म कोलकाता में हुआ। लेकिन, मोनालिसा को असली पहचान भोजपुरी इंडस्ट्री से मिली। ओपन हेयर और नो मेकअप लुक से एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने हॉट सिजलिंग फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं। मोनालिसा की ये तस्वीरें देखकर फैन्स ने कई कॉमेंट किए है, कोई उन्हें बिना मेकअप खूबसूरत बता रहा है तो कोई उनके पोज देखकर आहें भर रहा है।






## 2025 में रिलीज हो सकती है ब्रह्मास्त्र 2, अयान मुखर्जी ने दिए संकेत




रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की ब्रह्मास्त्र दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। इसका निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। फिल्म 9 सितंबर को बड़े पर्दे पर आई है। ब्रह्मास्त्र तीन भागों में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म के अंत में मेकर्स ने ब्रह्मास्त्र पार्ट 2रू देव की घोषणा की थी। अब अयान ने ब्रह्मास्त्र 2 की रिलीज को लेकर अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म दिसंबर, 2025 में रिलीज हो सकती है।

अयान ने ब्रह्मास्त्र 2 की रिलीज डेट को लेकर खुलासा किया है। अयान ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म को 2025 में रिलीज करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया, हमारे पास अपना लक्ष्य है। हम इस फिल्म को बनाना चाहते हैं और अब से तीन साल बाद इसे रिलीज करना चाहते हैं। यह हमारे लिए एक कठिन शेड्यूल है, यह देखते हुए कि पार्ट वन ने कितना समय लिया।

अयान का कहना है कि ब्रह्मास्त्र 2 की स्क्रिप्ट लगभग पूरी हो गई है। उनकी मानें तो स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म के पहले भाग पर काम शुरू करने के दौरान ही ब्रह्मास्त्र 2 की स्क्रिप्ट को लिखने का सिलसिला शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के प्री–प्रोडक्शन में लंबा वक्त लगेगा। फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर कुछ नहीं बताया गया है। ब्रह्मास्त्र के दूसरे भाग में देव की भूमिका के लिए ऋतिक रोशन और रणवीर सिंह का नाम सामने आया था। हालांकि, अयान ने देव के किरदार को लेकर अपनी चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा था, मैं इस वक्त इस बात का खुलासा नहीं कर सकता कि फिल्म के दूसरे भाग में देव की भूमिका कौन निभाएगा। हां, मैंने सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा सुझाए हुए नाम पढ़े हैं, लेकिन अभी इस रहस्य से पर्दा उठाने में समय लगेगा।

रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के अगले भाग के लिए दीपिका पादुकोण को साइन कर लिया गया है। ऐसी चर्चा है कि अमृता की भूमिका के लिए दीपिका की जगह पक्की हो गई है।

ब्रह्मास्त्र में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आए। फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता शाहरुख खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं। इस फिल्म के जरिए रणबीर और आलिया की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे दिखी। जहां फिल्म में रणबीर को शिवा की भूमिका में देखा गया, वहीं आलिया ने ईशा का किरदार अदा किया। दोनों की केमिस्ट्री को लोग सराह रहे हैं। अयान ने बताया था कि उन्हें ब्रह्मास्त्र बनाने में दस साल लग गए। फिल्म की शूटिंग करीब पांच साल में पूरी हुई। अयान को इस फिल्म का ख्याल 2011 में आया था, जब वे ये जवानी है दीवानी की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे। ब्रह्मास्त्र में शाहरुख के कैमियो की खूब सराहना हुई। अब सुनने में आ रहा है कि अयान शाहरुख के कैरेक्टर (मोहन भार्गव) को केंद्र में रख कर एक स्पिन–ऑफ बना सकते हैं।

## एक्शन हीरोइन परिणीति चोपड़ा ने साझा की गन ट्रेनिंग की झलक

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा, जो अनगिनत चोटों के बाद अपनी एक्शन फिल्म नंबर 2 के लिए तैयार हैं, ने फिल्म कोड



नेम तिरंगा के लिए अपने बंदूक प्रशिक्षण से एक झलक साझा की है। परिणीति, जो फिल्म में एजेंट दुर्गा की भूमिका निभाती नजर आएंगी, ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह बंदूक पकड़े हुए चलने का अभ्यास करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने तस्वीरों को कैप्शन दिया, जब आप बंदूक प्रशिक्षण ले रहे हों, लेकिन एक्शन निर्देशक पर अपने कौशल का उपयोग करना चाहते हैं, क्योंकि वह आपको आराम नहीं करने देते हैं! अनगिनत चोटों के बाद में, एजेंट दुर्गा (उर्फ स्ट्रॉन्ग मी) एक्शन फिल्म नंबर 2 के लिए तैयार है। हैशटैग–एक्शनहीरोइनइनट्रेनिंग हैशटैग–कोडनेम तिरंगा हैशटैग–स्टंट।परिणीति ने यह भी साझा किया कि फिल्म कोड नेम तिरंगा में एक कुलीन एजेंट के रूप में अपनी भूमिका को पूरा करने के लिए उन्हें तीन महीने तक इजरायली मार्शल आर्ट क्राव मागा सीखना पड़ा। कोड नेम तिरंगा में परिणीति के साथ हार्डी संधू भी हैं और यह 14 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।

## रोजाना पीएं एक गिलास अंगूर का जूस, मिलेंगे कई स्वास्थ्यवर्धक फायदे



पौष्टिक फलों की सूची में शुमार अंगूर का इस्तेमाल आमतौर पर फलों के सलाद या फिर स्मूदी में किया जाता है। वहीं, सेहत के प्रति सजग लोग इसके जूस का भी सेवन करते हैं, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि रोजाना एक गिलास अंगूर के जूस का सेवन करने से आपको क्या–क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। हृदय को स्वास्थ्य रखने में लाभदायकः हृदय को स्वस्थ रखने में अंगूर के जूस का सेवन काफी मदद कर सकता है। शोध के अनुसार, अंगूर के जूस में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट गुण ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और हृदय रोग से जुड़े इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, यह हानिकारक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मददगार है। इसमें मौजूद जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक हैं। शोध के मुताबिक, कॉनकॉर्ड किस्म के अंगूर के जूस में एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दिमाग के न्यूरोनल सिग्नलिंग में सुधार ला सकते हैं। इस शोध के लिए याददाश्त की कमी वाले 12 वृद्ध और वयस्कों को 12 हफ्ते के लिए कॉनकॉर्ड अंगूर के जूस का लगातार सेवन कराया गया था। जिसके परिणामों में शोधकर्ताओं ने उनकी याद रखने की शक्ति और व्यवहार में सुधार देखा था। शोध के अनुसार, अंगूर के जूस में एंटी–कैंसर प्रभाव मौजूद होता है, जो कैंसर सेल्स को पनपने से रोकने में सहायक है। इसके अलावा, कई पोषक तत्वों से भरपूर अंगूर के जूस का सेवन धूम्रपान से होने वाले कैंसर के खतरे को भी दूर कर सकता है। इसलिए जिन लोगों को ध्रूमपान करने की आदत या कैंसर है वे अपने डॉक्टर की सलाह लेकर अंगूर के जूस का सेवन शुरू करें। अंगूर के जूस का सेवन पेट संबंधित समस्याओं से राहत पाने और पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी किया जा सकता है। इसमें प्रीबायोटिक गुण होते हैं, जो शरीर में लैक्टिक एसिड का उत्पादन बढ़ाकर पाचन शक्ति को बेहतर करने का काम करते हैं और आंत को संक्रमण से बचाते हैं। अगर आप पेट संबंधित समस्याओं से बचे रहना है तो अपनी डाइट में अंगूर के जूस को जरूर शामिल करें। बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में अंगूर के जूस का सेवन काफी मदद कर सकता है। शोध के मुताबिक, अंगूर के जूस में रेस्वेराट्रोल नामक खास तत्व मौजूद होता है। यह एक प्रकार का पॉलीफेनोल है, जिसमें एंटी–ओबेसिटी प्रभाव पाया जाता है। यह प्रभाव शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है और इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।